चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 202 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
15 जनवरी 2025
बुधवार

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

महाकुंभ





प्रयागराज महाकुंभ इस समय दुनिया का सबसे बडा तीर्थ बना हुआ है। प्रयागराज मेला क्षेत्र में अखाड़ा व साधु-संतों के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष आकर्षण है और इनका आर्शीवाद पाने की कोशिश में नजर आते हैं।

## केजरीवाल ने नामांकन दाखिल किया

नईदिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज नई दिल्ली सीट के लिए नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने सबसे पहले महिला समर्थकों के साथ वाल्मीकि मंदिर में पूजा की। इसके बाद वे हनुमान मंदिर के लिए निकले। यहां से कार्यकर्ताओं के साथ रैली के रूप में कलेक्टरेट पहुंचें। भाजपा ने केजरीवाल के खिलाफ नई दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा को व कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह से पूर्व सीएम का सामना दो पूर्व सीएम के बेटों से होगा। प्रवेश तो साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं वहीं संदीप दीक्षित शीला दीक्षित के बेटे हैं।

### मंत्रिपरिषद की बैठक, इन्वेस्टर समिट व आबकारी नीति पर काम तेज

# मिशन को साधने मोहक विकल्पों पर जोर आगामी लक्ष्यों पर मंत्रियों संग मंथन

भोपाल.दोपहर मेट्रो

मप्र मंत्रिपरिषद की बैठक में आज चित्रकूट के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा के अलावा कुछ नीतिगत विषयों पर भी चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के साथ चित्रकूट के विकास पर पहले हुई बैठकों के निर्णय साझा किये हैं, वे हाल में चित्रकूट दौरा करके लौटे हैं इसके अलावा युवा मिशन के लांच के बाद महिला मिशन व अन्य मिशनों पर भी फोकस किया जा रहा है। आज नई आबकारी नीति के मसौदे पर चर्चा भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में सीएम ने धार्मिक शहरों में पूर्ण शराबबंदी का ऐलान किया है। इसके चलते विभाग के सामने राजस्व बढ़ाने के लिये अहाते फिर शुरू करने, डे परमिट की लाइसेंस शुल्क में इजाफा,शराब दुकानों की आफसेट कीमतों में 25 फीसद तक बढोतरी करने का भी विकल्प है। बताया जाता है कि बैठक में अगले महीने होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों और निवेश नीति में बदलावों पर भी चर्चा के अलावा मुख्यमंत्री की आगामकी जापान यात्रा की योजना के बारे में



मंत्रिपरिषद को जानकारी दी गई है। कैबिनेट ने 28 जनवरी तक जिलों में आयोजित होने वाले आनंद उत्सव पर भी विचार किया तथा मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को उनके प्रभार वाले जिलों में विकास कार्यों का निरीक्षण और विभागीय समीक्षा के निर्देश दिये। इसके अलावा वित्त आयोग के आगामी भोपाल दौरे और केंद्र से बजट प्रस्तावों पर चर्चा के लिए मंत्रियों की तैयारियों पर विचार किया गया है। बैठक में डायल 100 सेवा के दूसरे चरण के लिए 1565 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को स्वीकृति मिल सकती है। इस सेवा का संचालन अप्रैल 2025 से सितंबर 2030 तक किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस बैंड के गठन को मंजूरी दी जाएगी। नए जिलों–पांढुर्णा, मऊगंज और मैहर–में विभागीय कार्यालय स्थापित करने और नए पदों की स्वीकृति पर विचार होगा। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना को 2024-25 और 2025-26 तक निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया जाएगा। सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर बिजली की कमी पूरी करने पर चर्चा होगी। इसके अलावा, डॉक्टर आशा देशमुख की विदिशा जिला अस्पताल में प्रतिनियुक्ति पर भी विचार किया जाएगा। बैठक में जीआईएस समिट और शहडोल में आयोजित होने वाले रीजनल इंडस्ट्री कानक्लेव की तैयारियों पर भी विचार होगा। कुल मिलाकर, इस बैठक में 15 प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा के साथ प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जाएगा।

## कुआं धंसा: बीस घंटे से मलबे में दबे मजदूर

छिंदवाड़ा, एजेंसी

कुआं धंसने से मलबे में दबे तीन मजदूरों को हादसे के करीब बीस घंटे बाद भी नहीं निकाला जा सका है। भोपाल से पहुंची एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू में जुटी है। पोकलेन और जेसीबी की मदद से कुएं में सामने गड्ढा खोदकर रैंप बनाया जा रहा है। पैरेलल रास्ता बनाकर मजदूरों को निकालने की तैयारी है। अधिकारियों के मुताबिक, मजदूरों को निकालने के लिए 35 फीट खुदाई की जा चुकी है। करीब 7 फीट की खुदाई के बाद रेस्क्यू टीम मजदूरों तक पहुंच जाएगी। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह और एसपी अजय पांडे समेत तमाम प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद है। डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस भी तैनात है। मलबे में दबे मजदूरों के परिजन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे हैं।

## गंभीर को पद बचाने इंडिया को जिताना होगा, बीसीसीआई सख्त

### अगले टूर्नामेंट पर टिका भविष्य

मुंबई, एजेंसी

टीम इंडिया अब अगर चैंपियंस ट्रॉफी नहीं जीत सकी तो हेड कोच गौतम गंभीर को हटाना तय माना जा रहा है। इतना ही नहीं चैंपियंस ट्रॉफी रोहित और विराट कोहली का करियर भी तय कर देगी। घर में न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी हारने के बाद गंभीर की भी आलोचना हो रही है। बताते हैं कि हाल में बीसीसीआई ने रिव्यू मीटिंग में उनके भविष्य पर चर्चा की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर के कोचिंग करियर का फैसला पूरी तरह से अब अगले टूर्नामेंट के नतीजे पर ही टिक गया है। गंभीर ने पिछले साल अगस्त में ही टीम इंडिया के हेड कोच का पद संभाला।



उनकी कोचिंग में टीम 2 टी-20 सीरीज और बांग्लादेश से एक टेस्ट सीरीज ही जीत सकी। भारत को इस दौरान श्रीलंका में वनडे सीरीज के साथ न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज भी गंवानी पड़ी। रिपोर्ट्स के अनुसार, गंभीर टीम से सुपरस्टार कल्चर खत्म करना चाहते हैं। कोहली और रोहित जैसे सीनियर प्लेयर भी उनकी कोचिंग में आउट ऑफ फॉर्म नजर आए। जिसके बाद दोनों के संन्यास लेने की अटकलें भी तेज हो गई। माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया में 1-3 से सीरीज हारने के बाद सीनियर प्लेयर्स और गंभीर के बीच कुछ मुद्दों के लेकर बहस भी हुई है। इसके अलावा बीसीसीआई अब खिलाडियों के दौरे आदि के दौरान भी कुछ कडे नियम व नये अनुशासन तय करने जा रहा है।

## कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति के घर सीढ़ियां लगाकर दाखिल हुई पुलिस, गिरफ्तार

### आपातकाल लगाने के मामले में पूछताछ

नईदिल्ली, एजेंसी

साउथ कोरिया में पद से हटाए गए राष्ट्रपति यून सुक-योल को पुलिस ने आज उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया है। योल पर 3 दिसंबर को देश में मार्शल लॉ लागू करने के लिए आपराधिक जांच चल रही है। इमरजेंसी के इस फैसले को देश की संसद ने तीन घंटे बाद ही पलट दिया था। इसके बाद 14 दिसंबर को संसद में योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाकर उन्हें पद से हटा दिया गया था। महाभियोग पर 14 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी थी, जिसके लिए योल को कोर्ट में पेश होना था। मगर वे कोर्ट में पेश नहीं हुए तो जांच एजेंसियों की तरफ से उनके खिलाफ आज सुबह गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस को मौके पर भारी विरोध का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तारी के लिए 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। योल की सुरक्षा में लगे गार्ड्स ने पुलिस को रोकने के लिए बैरिकेडिंग की थी। योल समर्थक बड़ी संख्या में राष्ट्रपति आवास के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने सीढ़ी का इस्तेमाल कर योल के घर में दाखिल हुई। योल समर्थक बड़ी संख्या में राष्ट्रपति आवास के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे।अब पूछताछ के लिए जांच एजेंसियों के पास 48 घंटे का समय है।

## 3 ताकतवर युधदपोत राष्ट्र को समर्पित किये मोदी ने

मुंबई, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों अमाईएनस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन फंटलाइन नौसैनिक युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से रक्षा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनने की भारत की कोशिशों को मजबूती मिलेगी तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास बढ़े तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों का जलावतरण रक्षा निर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक रूप से अग्रणी बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बताया जाता है कि गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर परियोजना का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक युद्धपोतों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है और यह अत्याधुनिक हथियार-सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है।






मेट्रो एंकर

### सोनिया ने किया उद्घाटन, आधुनिकता व ऐतिहासिकता वाला दफ्तर

# 24 अकबर रोड नहीं... अब 9 ए कोटला रोड हुआ कांग्रेस का पता

नईदिल्ली, एजेंसी



आखिरकार कांग्रेस पार्टी भी अब अपने नए दफ्तर में पहुंच गई है। पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने कांग्रेस के नए दफ्तर का उद्घाटन आज किया। यानि कांग्रेस मुख्यालय का नया पता अब 9 कोटला रोड होगा। इससे पहले कांग्रेस का मुख्यालय अकबर रोड पर स्थित 24 नंबर बंगले में था। नये दफ्तर को 252 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इसके ग्राउंड फ्लोर पर बाई तरफ हाई टेक प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम तैयार किया गया है। नई इमारत के बिल्कुल बीच में रिसेप्शन है, जिसके ठीक पीछे कैंटीन बनाई गई है। इमारत के बाईं तरफ कांग्रेस के मीडिया प्रभारी का दफ्तर होगा। इसके साथ ही टीवी डिबेट के लिए छोटे-छोटे साउंडप्रूफ चैंबर बने हुए हैं। इसके बगल में पत्रकारों और कैमरापर्सन के लिए सिटिंग रूम भी बनाए गए हैं। इमारत की पहली मंजिल पर विशेष कार्यक्रमों के लिए हाईटेक ऑडिटोरियम है। इसके साथ ही किसान विभाग, डेटा डिपार्टमेंट जैसे कई विभाग बनाए गए हैं। इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर एआईसीसी पदाधिकारियों के ऑफिस हैं। पांचवी मंजिल पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी का दफ्तर है। इस मंजिल के बीचोबीच कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का ऑफिस भी है। नए मुख्यालय में पार्टी के इतिहास को बयां करती तस्वीरें लगी हुई हैं, जिनमें उन नेताओं की तस्वीरें भी हैं, जिनके गांधी परिवार से मतभेद रहे हैं या जिन्होंने पार्टी छोड़ दी है। इनमें नरसिम्हा राव, सीताराम येचुरी, प्रणब मुखर्जी और गुलाम नबी आजाद भी शामिल हैं। पार्टी के नए दफ्तर को आधुनिक होने के साथ-साथ ऐतिहासिक लुक देने में मदद की है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने भी अशोक रोड वाले दफ्तर से करीब चार साल पहले दीनदयाल मार्ग के नये भव्य दफ्तर में प्रवेश किया है। हालांकि दोनों ने ही पुराने दफ्तर वाले सरकारी बंगले अभी तक नहीं छोड़े हैं।

# पतंग का उत्सव







भोपाल, दोपहर मेट्रो। शहर में जगह-जगह मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाकर उत्सव मनाया।



# ज्ञान परंपरा को सहेजने के प्रयास करेगी सरकार

## सप्रे संग्रहालय में पत्रकारों-शिक्षाविदों को अलंकरण

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने यहां माधवराव सप्रे संग्रहालय में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में पत्रकारों व शिक्षाविदों को विभिन्न राज्यस्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सप्रे ने अपने जीवन काल में अनेक विद्वान गढ़े हैं। यह सभी विद्वान भारतीय ज्ञान परंपरा का ही हिस्सा हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. एसके जैन ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जो विश्वविद्यालय यहां से संबद्ध नहीं है उन्हें भी इस संस्थान से जोड़ा जायेगा, ताकि विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। सप्रेजी के व्यक्तित्व से नई पीढ़ी को परिचित करवाने के लिए उन्हें पाठ्यक्रम में शामिल कराने के प्रयास होंगे। डा जैन ने कहा कि भले ही आज डिजिटल युग है, लेकिन इस माध्यम की भी एक सीमा है। पुस्तकों में जो ज्ञान संपदा छुपी हुई है वह अनंत है। इस समारोह में वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे को 'हुक्मचंद नारद सम्मान' दिया गया। वहीं दोपहर मेट्रो के संपादक आशीष दुबे को प्रतिष्ठित झाबरमल्ल शर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह 'माखनलाल चतुर्वेदी पुरस्कार मनोज जोशी, लाल बलदेव सिंह पुरस्कार दक्षा वैदकर, जगदीशप्रसाद चतुर्वेदी पुरस्कार सारिका ठाकुर, रामेश्वर गुरु पुरस्कार दिनेश शुक्ल तथा प्रकाश भोमरकर एवं रामचन्द्र पाण्डेय को 'जगत पाठक पुरस्कार', मुकेश विश्वकर्मा को 'सुरेश खरे पुरस्कार' और फोटो जर्नलिस्ट अनिल दीक्षित को 'होमी ब्यारावाला पुरस्कार' प्रदान किया गया। जबकि संतोष कुमार शुक्ल पुरस्कार' जनसंपर्क अधिकारी राजेश पाण्डेय को प्रदान किया गया। शिक्षाविद पवित्र श्रीवास्तव तथा अनु श्रीवास्तव को 'मीडिया शिक्षा सम्मान दिया गया।

## अपराधों को कम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल

# एआई पुलिस को बता रहा शहर के किस क्षेत्र में कितना अपराध

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में अपराधों को कम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) का इस्तेमाल किया जा रहा है। जहां अपराध ज्यादा होते हैं ऐसे क्षेत्रों को अब तक पुलिस खुद के विश्लेषण के आधार पर चिन्हित करती थी, लेकिन अब यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल हो रहा है। 100 डायल के माध्यम से भी उन क्षेत्रों को चिन्हित किया जा रहा है, जहां से सबसे ज्यादा अपराध होने की शिकायतें पुलिस के पास आती हैं वहां की शिकायतों को एआइ आधारित सॉटवेयर पर डाल दिया जाता है फिर विश्लेषण कर एआई पुलिस को ये जानकारी दे देता है कि किन इलाकों में किस तरह की स्थिति है और किस तरह का अपराध किन इलाकों में बढ़ रहा है। इस आधार पर रणनीति के चलते भोपाल में लगातार पिछले 2 सालों में अपराध के ग्राफ में कमी आई है। एआई आधारित सॉटवेयर के माध्यम से पुलिस को काफी मदद मिली है। हॉट स्पॉट चिन्हित किए जाते है और अपराधियों का रिकॉर्ड भी काफी बेहतर तरीके से विश्लेषण किया जाता है।




### इस तरह बढ़ रहा है प्रयोग

- महिलाओं के साथ छेड़छाड़ समेत सड़कों पर होने वाले तमाम अपराधों की शिकायत सॉटवेयर में डाली जाती है जिसके बाद इलाकों को चिन्हित कर हॉट स्पॉट में शामिल किया जाता है।
- जहां सबसे ज्यादा वाहन चोरी होती है उन इलाकों की जानकारी को एकत्र कर एआइ के माध्यम से हॉट स्पॉट चिन्हित किए जा रहे हैं।
- बदमाशों के अपराधों का विश्लेषण करने के लिए भी एआइ का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके आधार उन्हें जिला बदर किया जाता है और उन पर अन्य कार्रवाई की जाती है।

### 100 डायल में सबसे ज्यादा उपयोग

राजधानी में होने वाली सभी शिकायतें 100 डायल पर आती हैं। इन सभी शिकायतों को एआइ सॉटवेयर पर डाल कर अलग अलग अपराधों के मुताबिक संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर पुलिस इन इलाकों पर खास फोकस रखती है। पहले ये सारा काम मानवीय क्षमता के आधार पर होता था, जिसमें कई कमियां होती थीं, लेकिन 100 डायल पर आने वाली शिकायतों का एआइ से विश्लेषण कर इलाकों को चिन्हित कर बेहतर रणनीति बनाने की कोशिश कर रही है।

# शिवनाम की धुनी लगाई, संक्रांति मनाई

## तीन दिवसीय अनुष्ठान का विश्राम हुआ

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

पूर्ण ज्योति सेवा संस्था भोले के दरबार द्वारा आयोजित हरि ओम नमः शिवाय धुनी का आयोजन शिव महापुराण कथा वाचक मुकेशजी के सानिध्य में पूर्ण हुआ। धुनी में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिव नाम का सुमिरन किया। मुकेशजी महाराज ने मकर संक्रांति पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूर्य देव जब धनु राशि का त्याग करके मकर राशि यानी अपने पुत्र शनि देव की राशि में प्रवेश करते हैं तो शुभ मांगलिक कार्यों पर लगी हुई रोक हट जाती है। पर्व पर दान के महत्व को बताते हुए कहा अपने-अपने सामर्थ के अनुसार तिल गुड़ घी कंबल गर्म वस्त्र इत्यादि का दान लोग करते हैं। इस अवसर परपूज्य पंचायत अध्यक्ष माधू चंदवानी उपाध्यक्ष नंद कुमार दादलानी हीरो फेंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी आनंद सबनानी महेश खटवानी व बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।



**गमच्छा पहनाया :** बजरंग सेना समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने शिवधुनी स्थल पर अपना जन्म दिन मनाया। भोले की दरबार के मुकेशजी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी, महेश खटवानी एवं हीरो हिन्दू ने भगवा गमछा एवं शाल पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी।

# नगर निगम में कई ठेकेदार, पार्षदों की लगाम कसने वाली आईएएस को सरकार ने हटाया

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

नगर निगम भोपाल में कई ठेकेदारों व पार्षदों पर लगाम कसने वाली आईएएस निधि सिंह का आखिरकार तबादला हो गया। वह निंदा प्रस्ताव का सामना कर रही थी जो कि पार्षदों द्वारा 13 दिसंबर को हुई भोपाल नगर निगम परिषद की बैठक में लाया गया था। निधि सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा 2019 बैच की अधिकारी एवं भोपाल नगर निगम की अपर आयुक्त थी उन्हें भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त ग्वालियर में संयुक्त आयुक्त बनाकर भेजा है। निंदा प्रस्ताव लाने वाले सदस्यों का तर्क था कि अधिकारी के पास जाने वाले मामलों में सुनवाई नहीं होती। जिसकी वजह से जनता के काम प्रभावित हो रहे हैं। जबकि निधि सिंह ने वरिष्ठ स्तर पर तर्क दिया था कि कुछ लोग अनुचित तरीके से काम करना चाहते थे, जिसकी वजह से जनता व सरकार को नुकसान हो सकता है। ऐसी कुछ फाइलें उन्होंने अस्वीकार कर दी थी, जिस पर विरोधी एकजुट हो गए थे। हालांकि उनके तर्क अस्वीकार करते हुए 13 जनवरी को उन्हें हटा दिया गया।




**मेट्रो एंकर**

## भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति का पतंग महोत्सव

# मनुआभान की टेकरी पर पतंग महोत्सव मनाया सिंधी समाज ने

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

भारतीय सिंधु सभा एवं सिंधी मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनुआभान टेकरी पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं में इस पतंग महोत्सव के प्रति काफ़ी ज़्यादा उत्साह देखा गया, हर कोई इस पल को अपने कैमरे में कैद करता हुआ दिखाई दे रहा था। महोत्सव में बच्चों, युवा, बुजुर्गों और महिलाओं ने यहां पतंग उड़ाई, और उपस्थित समाज के सभी लोगों ने एक दूसरे को तील, गुड के लड्डू खिला कर मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समिति द्वारा महिलाओं बच्चों के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थी।

### पौधों का वितरण भी

टेकरी पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क पौधों का वितरण भी इस महोत्सव में उपस्थित होने वाले परिवार को दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक श्री भगवान दास सबनानी एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह उपस्थित रहे, सबनानी ने कहा कि मकर संक्रांति हमारी परंपराओं और संस्कारों का प्रतीक है और इस तरह के आयोजनों से हमें अपनी संस्कृति को बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों तक भारतीय संस्कृति को पहुंचाने में मदद मिलती है।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष हरीश चाँदवानी, महासचिव राम आसूदानी, उपाध्यक्ष हरीश मेंघानी सहित सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरियानी महासचिव नरेश तलरेजा, अशोक माटा, नरेश गिदवानी सहित अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# एयरपोर्ट से बड़वई अब बैरसिया रोड से जुड़ेगा

**भोपाल।** भोपाल विकास प्राधिकरण अपनी एयरोसिटी योजना का एक्सटेंशन कर रहा है। इसके भू-स्वामियों से 19 जनवरी 2025 तक दावे- आपत्तियां मांगी है। संबंधित भूमि स्वामियों से कहा गया है कि वे 10 जनवरी 2025 तक योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त कर लें। नई योजना में चार गांव शामिल किए जा रहे हैं। यहां दो मास्टर प्लान रोड बनाकर बैरसिया की ओर कनेक्टिविटी दी जाएगी। इसमें एयरपोर्ट से बडवई तक बनी साढ़े पांच किमी लंबी रोड को करीब साढ़े तीन किमी बढ़ाकर बैरसिया रोड से जोड़ा जाएगा, जबकि अयाध्या बायपास सेंट्रल जेल से 24 मीटर मास्टर प्लान रोड को पलासी के पास इसी रोड से जोड़ा जाएगा। प्रोजेक्ट में बडवई, पलासी के साथ अब लांबाखेड़ा व नवीबाग जोड़ा गया है। 132 हेक्टेयर की योजना में शामिल भू-स्वामियों से कहा है कि भूमि से संबंधित खसरा व बटान की जानकारी प्राधिकरण कार्यालय आकर ले सकते हैं। प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि एयरोसिटी योजना ये एयरपोर्ट से बैरसिया तक सीधी कनेक्टिविटी बनेगी।

# एमपी बोर्ड की 10वीं 12वीं की परीक्षाओं के लिए इस बार तैयार होंगे 3887 परीक्षा केंद्र




भोपाल. दोपहर मेट्रो।

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंडल ने परीक्षा केंद्रों का चयन करने के साथ ही केंद्र अध्यक्षों की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इस बार प्रदेश में 3887 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 562 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से लैस केंद्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की व्यवस्था भी रहेगी। इस संबंध में मंडल ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। वहीं राजधानी भोपाल में 51 सरकारी व 52 निजी स्कूल, ग्वालियर के 51 सरकारी व 41 निजी स्कूल, जबलपुर के 69 सरकारी व 34 निजी स्कूल और इंदौर में 111 सरकारी और 29 निजी स्कूलों का चयन परीक्षा केंद्रों के लिए किया गया है।

**562 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्र, भोपाल में बनाए गए 103 परीक्षा केंद्र**

### 15 फरवरी से शुरू हो रही है परीक्षा

माशिमं की 10वीं व 12वीं परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है। दो कक्षाओं की परीक्षा में इस साल विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले करीब 47 हजार कम है। इस साल दोनों कक्षाओं में 16.60 लाख विद्यार्थी और पिछले साल 17.07 लाख शामिल हुए थे।

## पुलिस के बच्चे लाएंगे मेडल, पीएचक्यू से मिलेगा पुरस्कार

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

पुलिसकर्मियों के बच्चों में खेल की प्रतिभा को बढ़ावा देने पीएचक्यू की कल्याण शाखा द्वारा खेल प्रोत्साहन योजना तैयार की गई है। डीजीपी कैलाश मकवाना की स्वीकृति के बाद लागू कर दिया गया है। योजना का लाभ खेलों में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल लाने वाले पुलिसकर्मियों के बच्चों को मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने पर नकद राशि ज्यादा रहेगी। आरक्षक से लेकर आइपीएस अधिकारी तक के बच्चों को लाभ मिलेगा। पुलिसकर्मियों के बच्चों में खेलों को प्रोत्साहन देने योजना तैयार की गई है। राष्ट्रीय और राज्यकीय स्तर पर अलग-अलग राशि पदक के हिसाब से तय की गई है।

डॉ. अशोक वार्ष्णेय बोले

## 'आयुर्वेद में आज रिसर्च की बहुत आवश्यकता है'




भोपाल. दोपहर मेट्रो।

### एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय में हुआ स्नातकोत्तर ज्ञान आरंभ संस्कार कार्यक्रम

राजधानी स्थित एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय में नव आगंतुक स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञान आरंभ संस्कार ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक वार्ष्णेय थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरोग्य भारती के प्रांतीय संगठन सचिव महेश दीक्षित राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मिहिर, एलएनसीटी समूह के सचिव अनुपम चौकसे, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ नरेंद्र कुमार थापक, रजिस्ट्रार डॉ अजीत कुमार सोनी, प्राचार्य डॉ. सपन जैन व निदेशक डॉ. विशाल शिवहरे थे । कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के समझ पूजन व दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. शैलेष जैन द्वारा महाविद्यालय के उपलब्धियों से सभी को रूबरू कराया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. सपन जैन द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें महाविद्यालय के नियम व कायदों से विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। डॉ. अशोक वार्ष्णेय ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से प्रश्न उत्तर करते हुए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में रिसर्च की क्या भूमिका है, विषय पर विस्तृत विश्लेषण किया गया। आयुर्वेद में आज रिसर्च की बहुत आवश्यकता है। रिसर्च पॉजिटिव भी होती है, नेगेटिव भी होती है। आज दोनों प्रकार की रिसर्च की आवश्यकता है। इसके बाद डॉ. मिलिंद सूर्यवंशी सी सी आर ए एस सहायक संचालक नागपुर के द्वारा रिसर्च विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष पर होगा शोध पत्र सम्मेलन

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

### पंजीयन हुए शुरू, 15 फरवरी तक जमा किए जाएंगे शोधपत्र

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के 300 वें जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में शोध पत्र सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोकमाता के कृतित्व पर गहन अनुसंधान और विचार-विमर्श करना है। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने शोध पत्र के पोस्टर का लोकार्पण किया। सम्मेलन में लोकमाता पर केंद्रित पांच प्रमुख विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जिनमें न्यायप्रियता और प्रशासनिक दक्षता, पंच परिवर्तन से लोककल्याण, सांस्कृतिक पुनर्निर्माण से राष्ट्र जागरण, नारी स्वाभिमान-जागरण से समाज उत्थान और सामाजिक कुरीतियों को चुनौतियों और उनका समाधान शामिल हैं। सम्मेलन में भाग लेने के लिए पंजीकरण निःशुल्क है और शोधपत्र 15 फरवरी 2025 तक जमा किए जाएंगे। शोधपत्र की शब्द सीमा 3000 से 5000 शब्दों के बीच रखनी होगी। इस सम्मेलन का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर उच्च शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों, शोधार्थियों और प्राध्यापकों के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रवेश एवं शुल्क निर्धारण समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कान्हेरे, शिक्षाविद प्रकाश बरतूनिया, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एस के जैन, अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. खेमसिंह डहेरिया, सांची विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बैद्यनाथ लाभ, मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग से डॉ. विश्वास चौहान, डॉ. सचिन तिवारी एवं कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अमिताभ सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित थे।

## 8 को होगा आईएएस अवार्ड, 24 नाम दिल्ली तक दौड़ में

**भोपाल।** मप्र को 8 आईएएस और मिल जाएंगे। ये राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसर होंगे, जिन्हें अवार्ड होना है। 8 पदों के लिए राज्य प्रशासनिक सेवा के 24 अफसर दौड़ में है। सरकार ने इनके नाम दिल्ली भेज दिए हैं। अब केंद्रिय कार्मिक विभाग की बैठक होनी है, उसके बाद इनमें से 8 को आईएएस अवार्ड हो जाएगा। मप्र में राज्य प्रशासनिक सेवा के 873 पद है। इसमें सीधी भर्ती के 436 व पदोन्नति से भरे 437 पद भरे जाते हैं लेकिन अप्रैल 2024 की वरिष्ठता सूची के अनुसार केवल 479 अधिकारी सेवाएं दे रहे थे, इनमें से भी कुछ तो सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के पंकज शर्मा, डॉ. कैलाश बुंदेला, कमलचंद्र नागर, नारायण प्रसाद नामदेव, जयंत कुमार विजयवत, मनोज मालवीय, नंदा भलावे कुशरे, अनिल कुमार डामोर, सविता झानिया, सारिका भूरिया, कमल सोलंकी, जितेंद्र सिंह चौहान, कमलेश पुरी, संतोष कुमार टैगोर, निशा डामर, राकेश कुशरे, शैली कनाश, रोहन सक्सेना, कविता बाटला, सपना अनुराग जैन, आशीष पाठक, मिनिषा पांडे, इला तिवारी, सपना एम लोवंशी आदि का नाम केंद्रीय कार्मिक विभाग को भेजा है।



## संपादकीय

# क्यों कमजोर हो रहा भरोसा

दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा के बीच कई ऐसे पहलु हैं जिन पर भलीभांति गौर किया जाना भी जरूरी है। वजह यह कि हमारे विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आ रही है जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जाता। पिछले दो महीने से एक भी सप्ताह ऐसा नहीं गुजरा, जब भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में कमी दर्ज न की गई हो। इसके समांतर डालर के मुकाबले भारतीय रुपए की कीमत भी लगातार गिर रही है। रुपया छियासी के पार पहुंच गया है। इसकी मुख्य वजह अमेरिकी फेडरल की नीतियों में बदलाव, डालर की मजबूती और भारतीय बाजार से विदेशी निवेशकों की भारी निकासी बताई जा रही है। विशेषज्ञ बताते हैं कि सरकार ने रुपए की गिरती कीमत को रोकने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार से निकासी शुरू की थी। मगर वह कारगर उपाय साबित नहीं हो सका। अब दोनों में समांतर गिरावट दर्ज होने लगी है। यह विदेशी निवेश आकर्षित करने, कर्ज पर ब्याज के भुगतान, जरूरी आयात आदि के मद्देनजर गंभीर चिंता का विषय है। रुपए की कीमत गिरने से आयात महंगा हो जाता है, पर्यटन, विदेशी शिक्षा आदि पर खर्च बढ़ जाता है। किसी भी देश की करेंसी में गिरावट न केवल सरकार पर, बल्कि आम जनता पर भी विपरीत असर डालती है। जब रुपया गिरता है, तब आयात तो महंगा हो ही जाता है,दूसरी तरफ निर्यात सस्ता हो जाता है इससे महंगाई बढने की आशंका रहती है। अभी तो विदेशी मुद्रा भंडार में कमी के लगातार बढ़ने से विदेशी कर्ज के ब्याज में भुगतान को लेकर चिंता गहराने लगती है। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी इस बात का भी संकेत है कि अपेक्षित विदेशी निवेश नहीं आ पा रहा है। निवेशकों का भरोसा कमजोर हो रहा है, इसलिए वे सुरक्षित जगहों का रुख कर रहे हैं। पिछले दिनों यह भी खबरें थीं कि निवेशक अपना पैसा निकालकर चीन में लगा रहे हैं,जबकि कुछ समय पहले यह कहा जा रहा था कि चीन से निवेशकों का मोहभंग हो रहा है। बहरहाल, ऐसा इसलिए भी हो रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ोतरी की जो तस्वीर पेश की जा रही थी, वह अब धुंधली पड़ने लगी है। प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की विकास दर नीचे बनी हुई है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। निर्माण क्षेत्र भी कमजोर होता जा रहा है।शेयर बाजार में कई बडी कंपनियां अक्सर संघर्ष करते दिख जाती हैं, बाजार में स्थिरता के बजाए गिरावट की खबरें लगातार सामने आती हैं। दूसरी तरफ यह भी सच्चाई है कि पिछले बारह-तेरह वर्षों से प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी नहीं हुई है।यानि लोगों की जेब में पैसा नहीं आ रहा है,जो भी आ पा रहा है वह महंगाई के चलते सिर्फ जीने की जरूरत पर भी खर्च हो रहा है। वहीं निर्यात लगातार हिचकोले खा रहा है और घरेलू बाजार में रौनक लौट नहीं पा रही। महंगाई पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। इसके बावजूद सबसे विचित्र और त्रासद यह है कि सरकारें मुफ्त की योजनाओं की घोषणा करने की होड़ में शामिल हैं। वे चुनाव जीतने के लिए लोगों को हर चीज मुफ्त में देने तैयार हो रही हैं। शायद वे विदेशी कर्ज लेकर इन्हें चलाने का प्रयास कर रही हैं। इस तरह के हालातों में विदेशी मुद्रा भंडार के भरने की उम्मीद बहुत सहजता से करना कठिन ही है।

# एचएमपीवी : नये वायरस के बीच चीन में जीवन

■ अनिल आज़ाद पांडेय



साल 2020 की शुरुआत में फैली कोरोना महामारी ने दुनियाभर के लोगों का सुख-चैन छीन लिया था। बड़ी मुश्किल से लोग इस खतरनाक वायरस के चंगुल से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। लेकिन अब उनके मन में फिर से भय का माहौल व्याप्त होने लगा है। इस बार भी चर्चा का केंद्र भारत का पड़ोसी देश चीन ही बना है। इसकी वजह एचएमपीवी नामक एक वायरस के प्रसार को बताया जा रहा है।

विशेषकर भारतीय मीडिया में चीन की जो खबरें पेश की जा रही हैं, वो बेहद डराने वाली हैं। कहा जा रहा है कि चीन में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो चुकी है और अस्पतालों में लोगों को बेड नहीं मिल पा रहे हैं। इस नए वायरस से लगातार लोगों की मौत हो रही है, यहां तक कि शवदाह गृहों में भी जगह नहीं बची है। इस तरह से चीन में हाहाकार मचा हुआ है। भारत में इस तरह के समाचारों को देखने और पढ़ने के बाद आम नागरिक सहम गए हैं। उन्हें अपनी ज़िंदगी और रोजी-रोटी का डर अभी से सताने लगा है। क्योंकि कोविड-19 के वायरस की भयावहता को लोगों ने झेला है, ऐसे में डरने की वजह भी है। इस दौरान इस वायरस से संबंधित कुछ मामले भारत में भी सामने आ चुके हैं।

मीडिया में चल रहीं इन सनसनीखेज और खौफनाक खबरों की हकीकत क्या है। क्या सच में चीन की धरती पर एक और वायरस फैल रहा है, क्या यह भारत और दुनिया के लिए खतरे की घंटी है।दरअसल, चीन में इन दिनों सर्दी का मौसम है और उत्तर व उत्तर-पूर्वी इलाकों में पारा शून्य से नीचे चल रहा है। ऐसे में इस सीज़न में आमतौर पर लोग सर्दी, जुकाम व खांसी आदि से पीड़ित रहते हैं। बच्चों और बुजुर्गों को भी जुकाम, बुखार होना सामान्य बात है। लेकिन इस बार स्थिति थोड़ा-सा अलग है। पिछले कुछ हफ्तों से चीन में एचएमपीवी यानी ह्यूमन मेटान्यूमोनोवायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या में काफी इजाफा देखने में आया है। लोग सिरदर्द, थकान, सांस लेने में दिक्कत और मांसपेशियों में दर्द आदि की शिकायत कर रहे हैं। विशेषकर छोटे बच्चों में इस इन्फ्लुएंजा का ज्यादा असर दिख रहा है। जाहिर है कि बच्चों का इम्यून सिस्टम उतना मजबूत नहीं होता, ऐसे में वे इस वायरस से जल्दी संक्रमित हो रहे हैं। लेकिन वे पांच-सात दिनों के भीतर स्वस्थ हो जा रहे हैं। कुछ लोग अस्पतालों में जाने के बाद दवा लेकर ठीक हो गए हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या पहले की तुलना में ज्यादा तो है, लेकिन इमरजेंसी या डराने वाले हालात बिलकुल नहीं हैं। हालांकि कमजोर और संवेदनशील लोगों की स्थिति थोड़ा गंभीर होने की आशंका है। बावजूद इसके घबराने वाली कोई बात नहीं है। कोरोना के उलट यहां स्थानीय लोग कोई बचाव के खास उपाय भी नहीं कर रहे हैं।

इस वायरस के प्रसार के बीच चीन का माहौल बेहद सामान्य है। चीन की राजधानी बीजिंग में लोग इस फ्लू से पीड़ित तो हैं लेकिन शहर में कहीं कोई पाबंदी नहीं है। एक जगह से दूसरी जगह जाने या घूमने-फिरने पर कोई बंदिश नहीं है। लोग पहले की तरह सामान्य रूप से अपने दैनिक कार्य कर रहे हैं। स्कूलों और दफ्तरों में सब कुछ नार्मल चल रहा है। आमतौर पर लोग कोई विशेष सावधानी या सतर्कता नहीं बरत रहे हैं और रोज ऑफिस व बाज़ार जा रहे हैं। कर्मचारी लोग भी नियमित रूप से अपने ऑफिस जा रहे हैं। हां, इक्का-दुक्का लोग मास्क जरूर पहने हुए रहते हैं जो अक्सर यहां लोग करते हैं। उधर बाज़ारों और मॉलों में लोगों की भारी भीड़ है, वे सामान्य रूप से शॉपिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। जबकि पार्कों में लोग मार्निंग या इवनिंग वॉक के अलावा व्यायाम कर रहे हैं। जिम और योगा सेंटर पूरी क्षमता के साथ संचालित हो रहे हैं। अभी हाल में ही क्रिसमस और नए साल के दौरान चीन के विभिन्न शहरों में संगीत कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 31 दिसंबर की रात को तमाम रंगारंग कार्यक्रमों में लोगों की जबरदस्त भीड़ देखी गयी।

शायद बाहर के देशों में लोगों को लग रहा है कि चीन शायद कुछ छिपा रहा है। लेकिन यह भी हकीकत है कि अगर कोई नया या खतरनाक वायरस फैल रहा होता तो यहां लोगों की गतिविधियों से उसका आभास हो जाता। उसके प्रसार को रोकने के लिए सरकार की ओर से कुछ तो कदम उठाए जाते। लेकिन चीन में अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। बीजिंग के अलावा वाणिज्यिक राजधानी शंघाई और अन्य बड़े शहरों में भी रेल, हवाई और सड़क यातायात निर्धारित रूप से चल रहा है। लोगों की कोई जांच या हेल्थ कोड स्कैन नहीं किये जा रहे हैं। इससे साफ हो जाता है कि यह एक सामान्य प्रकार का वायरस है, जो इन दिनों फैल रहा है। जिससे संक्रमित लोग आसानी से ठीक हो जा रहे हैं।

वहीं चीन सरकार ने स्वीकार किया है कि देश में एचएमपीवी का प्रसार हो रहा है। उसके मुताबिक एच1एन1 प्रकार के इन्फ्लुएंजा ए के मामलों में हाल के दिनों इजाफा हुआ है। यह फ्लू इन दिनों अपने पीक पर पहुंच चुका है। जबकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि एचएमपीवी का ठंड के दिनों में फैलना आश्चर्य की बात नहीं है। यह पहले से मौजूद वायरस है, जो वर्ष 2001 में पहली बार हालैंड में पाया गया था। और यह समय-समय पर लोगों को संक्रमित करता रहता है। हालांकि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बूढ़े लोगों को इससे सावधान रहने की आवश्यकता है। क्योंकि यह सामान्य फ्लू से कुछ ज्यादा असर दिखाता है, जिससे उबरने में कुछ दिन लग जाते हैं। पर यह कोई महामारी का रूप नहीं है और इससे आमतौर पर लोगों की मौत नहीं होती है। हां भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने और सतर्क रहने की सलाह जरूर लोगों की दी जा रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि चीन में कुछ भी असामान्य नहीं चल रहा है। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है और अफवाहों पर ध्यान न दें।

वैसे लेखक कोरोना महामारी के दौरान भी चीन में ही मौजूद थे और चीन में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए चल रहे सख्त उपायों को नजदीक से देखा। तब कोविड-19 का वायरस बहुत तेजी से फैल रहा था, जिसके कारण चीन व अन्य देशों में लॉकडाउन और लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित कर दिया गया था। शुरुआत में भारत ने चीन व अन्य देशों से आने वाली फ्लाइट्स के यात्रियों की जांच की और उन्हें क्वारंटीन में रखा गया। लेकिन कुछ समय बाद चीन ने नियंत्रण के उपाय अपनाने शुरू कर दिए, जिसमें दूसरे देशों से आने वाले यात्री विमानों पर रोक लगायी गयी। हालांकि अब चीन की अन्य देशों के साथ सीधी हवाई यात्रा बहाल हो चुकी है। लेकिन भारत और चीन के बीच पिछले लगभग चार सालों से कोई सीधी उड़ान नहीं है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि एचएमपीवी का कोई नया और जानलेवा स्ट्रेन सामने नहीं आएगा और लोगों के जीवन में कोई बड़ी बाधा पैदा नहीं होगी।

**(साभार : लेखक चीन स्थित सीजीटीएन में डेढ़ दशक से कार्यरत वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# ताकि बची रहे सांस्कृतिक बहुलता

■ उमेश चतुर्वेदी



बीसवीं सदी के भाषा दार्शनिकों में लुडविग विट्गेंश्टाइन का नाम गंभीरता से लिया जाता है। लुडविग ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, 'मेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी।' इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समोए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति ही अपनी परंपरा, अपनी सोच, अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं।यहां सवाल उठ सकता है कि भाषाओं को लेकर ऐसी बातों का संदर्भ क्या है? दरअसल संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इस गति में तेजी आई है। यूनेस्को के मुताबिक, इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होते जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है तो दरअसल उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी अपनी सोच और उसका अपना परिवेशबोध मर रहा है। इन अर्थों में देखें तो भाषाओं का इस तरह मरते जाना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है।

यूनेस्को के अनुसार साल एक हजार ईस्वी तक दुनियाभर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं। जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि भाषाओं के मरने की यही दर बनी रही तो 21वीं सदी के अंत तक दुनियाभर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो चुका होगा। भाषाओं के जानकारों के अनुसार, यूनेस्को का यह आकलन उम्मीदों से भरा है। जबकि पश्चिम के कई भाषा और मानवशास्त्री मानते हैं कि अगर भाषाओं के मरने की गति ऐसी ही रही तो साल 2200 ईस्वी तक दुनियाभर में महज 100 भाषाएं ही जीवित रह पाएंगी। भाषाओं के लुप्त होने को लेकर भारत में एक अवधारणा यह है कि जो भाषा क्लिष्ट या कठिन होती जाती है, वह लोकव्यवहार में खत्म होते जाती है। संस्कृत भाषा के बारे में नहीं कह सकते कि वह खत्म हो चुकी है, लेकिन उसका चलन घट गया है। एक खास धारा की वैचारिकी और भाषा दार्शनिक संस्कृत के चलन से बाहर होने के लिए उसके गंभीर होते जाने का उदाहरण देते हुए भाषाओं के लुप्त होने का सिद्धांत गढ़ते रहे हैं। लेकिन क्या सचमुच भाषाएं सिर्फ इसी वजह से खत्म हो रही हैं कि वे क्लिष्ट या कठिन होती जा रही हैं? आधुनिक संदर्भों में देखें तो यह तर्क सही नहीं लगता। अंग्रेजी को ही लीजिए। कठिन अंग्रेजी बोलना शान का प्रतीक माना जाता है। इस लिहाज से तो उसे भी चलन से दूर होना चाहिए था। लेकिन उलटे वह बढ़ रही है।

आधुनिक विश्व में सबसे बेहतरीन व्यवस्था लोकतंत्र को माना जा रहा है। लेकिन यह लोकतंत्र सिर्फ राजनीतिक संदर्भों तक ही सिमटता जा रहा है। विश्व ग्राम में बदली दुनिया में हर देश में एकरूपता बढ़ती जा रही है। संस्कृतियां और उनकी अपनी विशिष्ट परंपराएं रोजाना के व्यवहार का विषय नहीं रहीं। उदारीकरण और वैश्वीकरण की वजह से पूरी दुनिया तकरीबन एक तरह से खानपान, एक तरह के पहनावे और एक तरह की भाषा की ओर आकर्षित होती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता और उसका सलीका ही मानक बनते जा रहे हैं। इस लिहाज दुनियाभर की बोलियों में भी एकरूपता कभी सायासिक, तो कभी अनायास ही होती जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया में छोटे समुदायों की भाषाएं लगातार किनारे होते जा रही हैं। चूंकि रोजी और रोजगार के लिए छोटे समुदायों की भाषाएं सहयोगी नहीं रह पाई हैं तो उनका चलन रोजाना की जिंदगी से कम होता जा रहा है और भाषाएं मर रही हैं। इसमें हर देश की अपनी केंद्रीय भाषा जहां केंद्रीय भूमिका में हैं, वहीं उसके देसज रूप लगातार या तो कमजोर हुए हैं या फिर लुप्त हो रहे हैं। कथित आधुनिक सोच इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा दे रही है। भारत में अंग्रेजी इस आधुनिकता की वाहक है। इसी तरह कुछ प्रमुख भाषाएं अपने-अपने क्षेत्रों में आधुनिकता का केंद्रीय तत्व बन चुकी हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में बहुत ऐसी भाषाएं हैं, जो इतने कम लोगों द्वारा बोली जाती हैं कि निकट भविष्य में उनका अस्तित्व ही नहीं रहेगा। यूनेस्को की रिपोर्ट 'एटलस-लुप्तप्राय भाषाएं' के अनुसार भारत में तीन ऐसी भाषाएं हैं, जिनके अस्तित्व पर संकट आ खड़ा हुआ है। इसमें पहले नंबर पर कर्नाटक की कोरगा है, जिसे बोलने वालों की संख्या महज सोलह हजार ही है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश की सिरमौरी भाषा है, जिसे महज 31 हजार लोग ही बोलते हैं। इस सूची में तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ की पारजी भाषा है, जिसे सिर्फ पचास हजार लोग बोल रहे हैं। जाहिर है कि इन भाषाओं के अस्तित्व पर संकट आ खड़ा हुआ है। एकीकरण के दौर में रोहिंग्या लोगों की भाषा हनीफी पर मरने के कगार पर है। यूरोप में ऐसे ही अस्तित्व के संकट से आयरिश, सिसिली और यिडिश भाषाएं भी जूझ रही हैं।

हमें याद रखना चाहिए कि भाषाओं की गहन विविधता सांस्कृतिक विविधता को ना सिर्फ सुनिश्चित करती है, बल्कि अपने क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को आकार देती है। अगर आज के दौर में किसी भाषा को पीछे धकेला जा रहा है या किनारे किया जा रहा है तो इसका मतलब यह भी है कि इसके जरिए एक तरह से उस भाषा विशेष के इलाके की संस्कृति का हिस्सा भी गायब हो रहा है। हर संस्कृति में सबकुछ लिखने की क्षमता नहीं होती, उसके कई तत्व श्रुति, स्मृति और चलन के सहारे जिंदा रहते हैं। भाषा के मरने के बाद संस्कृति का यह अलिखा हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी भाषाओं को जिंदा रखें। भाषाओं को जिंदा रखने के लिए स्थानीय स्तर पर कोशिशें भी हो रही हैं। चीन ने अपनी पुरानी मंदारिन को संरक्षित करने के लिए अभियान चला रखा है। नाइजीरिया अपनी भाषाओं को वाचिक रूप में बचाए रखने के लिए रिकॉर्ड करने का सहारा ले रहा है। भारत में भी कई लोग अपनी बोलियों के लिए ऐसी कोशिशें कर रहे हैं। मरती हुई भाषाओं के लिए व्यक्तिगत की बजाय सामूहिक कोशिशें होनी चाहिए।भाषाएं क्यों जरूरी हैं, इसे हमें अमेरिकी नारीवादी रीटा मे ब्राउन के शब्दों में समझ सकते हैं। रीटा कहती हैं, भाषा किसी भी संस्कृति का रोडमैप होती है। वह आपको बताती है कि इसे बोलने वाले लोग कहां से आते हैं और कहां जा रहे हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**सन्देहास्पद विषयों में सज्जन लोग अपनी आत्मा की गवाही को ही प्रमाण मानते हैं।**

**- कालीदास**

## आज का इतिहास

- 1998- ढाका में बांग्लादेश,भारत और पाकिस्तान का शिखर सम्मेलन शुरू।
- 1992- बाल्कन के देश मैसिडोनिया को बुल्गारिया ने मान्यता दी थी।
- 1988- भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में 16 विकेट लिए।
- 1975- अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर पुर्तग़ाल ने साइन किए थे।
- 1965- भारतीय खाद्य निगम की स्थापना।
- 1949- ब्रिटिश राज के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय बुचर से के एम करियप्पा ने भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार ग्रहण किया। उस दिन से 15 जनवरी सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- 1934- नेपाल और भारत में आए जबरदस्त भूकंप में करीब 18 हजार लोगों की जान चली गई थी।
- 1784- कोलकाता के फोर्ट विलियम में एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की स्थापना हुई थी।
- 1759- लंदन के मोंटेगुवे हाउस में दुनिया के सबसे महान मानवीय इतिहास और सभ्यता के संग्रहालयों में से एक माने जाने वाले ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई थी।

## निशाना

### अवसर रहे निहार !



-कृष्णेन्द्र राय

है चर्चा विस्तार की ।
हो रही पर देर ।।
बन रही रणनीति ।
करना कुछ को ढ़ेर ।।
सबके अपने दावे ।
और करना भी खेल ।।
ना जिनसे है पटती ।
कसना भी नकेल ।।
हैं सारे अब होशियार ।
अवसर रहे निहार ।।
मिले थोड़ा मौका ।
करें कुछ प्रहार ।।
आ गया वो पल ।
खबर बनने वाली ।
देखते हैं कब तक ?
दिखती ये खुशहाली ।।

## रैली निकाल कर लिया आशीर्वाद कर्मचारियों को दी शुभकामनाएं



इटारसी।मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुख्य शाखा इटारसी के पदाधिकारीयों द्वारा महामंत्री अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के आवाहन पर पूरे जबलपुर जोन में आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। जिसमें सभी कर्मचारियों के पास जाकर आशीर्वाद लिया गया,आशीर्वाद यात्रा के दौरान इटारसी आर आर आई केबिन, पवारखेड़ा, नर्मदापुरम स्टेशन पर डिप्टी एस एस, पार्सल ऑफिस, बुकिंग ऑफिस, विद्युत विभाग के कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर ,कैलेंडर लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसमें मुख्य रूप से शाखा अध्यक्ष भोपाल मंडल के पी पी एम सदस्य प्रीतम तिवारी, सचिव योगेश चौरे, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर, विकास कश्यप, अजय द्विवेदी , संतोष दुबे, शमशेर खान ,रमा मिश्रा, मंजू तिवारी, शाहिद खान ,मुकेश रैकवार, मोहित मुदडे ,सत्यम चौहान, मुरली यादव एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## टीपीएल में देव डेंजर, पारसमणि किंग्स एवं शान्या सुपर किंग्स ने जीता मैच



**तेंदूखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा प्रीमियर लीग-2025 (टीपीएल) क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट के आठवें दिन उत्कृष्ट विघालय मैदान में तीन लीग मैच खेले गए। मंगलवार मैच की शुरूआत में राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह लोधी, सासंद राहुल सिंह लोधी, सतेंद्र सिंह लोधी, नितेंद्र सिंह लोधी ने पहले मैच में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया साथ ही दोनों राजनेताओं पिच पर आकर्षक शांट लगाए। जिसमें पहला मैच एकता वारिसर्य एवं देव डेंजर के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए एकता वारियर्स की टीम ने 7.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 50 रन बनाएं। जबाव में उतरी देव डेंजर की टीम ने 1 विकेट गंवाकर 5.4 ओवर में जीत हासिल कर ली। मुकेष यादव ने 21 गेदों में शानदार 32 रन बनाएं और 2 ओवर में 3 विकेट लेकर मैन आफ द मैच अपने नाम किया जिन्हें पुरूस्कार एवं नगद राषि मैच के राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह के भाई नितेंद्र सिंह एवं सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी के द्वारा प्रदान की गई। इसके अलावा दूसरा मैच चेतन के चेंपियन एवं पारसमणि किंग्स के बीच खेला गया। जिसमें चेतन के चेंपियन ने 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 58 रन बनाएं तो लक्ष्य का पीछा करने उतरी पारसमणि किंग्स की टीम महज 7.4 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल की। महेंद्र यादव ने 3 विकेट लेकर मैन आफ द मैच का खिताब जीता। तीसरा मैच शान्या सुपर किंग्स एवं तहसील रिवेन्यू वारियर्स के बीच खेला गया। जिसमें शान्या सुपर किंग्स की टीम 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 126 रन बनाएं जबाव में उतरी तहसील रिवेन्यू की टीम 10 ओवर में 56 रन ही बना पाई। मनीष पटैल ने 15 गेदों पर 39 रन बनाएं एवं 2 विकेट लेकर मैन आफ द मैच का खिताब जीता। अंपायर स्वेदष नेमा, शैलेंद्र यादव, नितिन जैन, महेंद्र ठाकुर, बबलू घोषी रहे। स्कोरर अभिनंदन दुबे, सुदीप त्रिपाठी, अभिषेक मोदी एवं आषीष यादव रहे एवं मैच का आंखो देखा हाल चेतन जैन, अभिषेक मोदी, साहिद अली के द्वारा सुनाया गया। सत्यम जैन, राजीव जैन, सतेंद्र जैन, राहुल ठाकुर, हर्ष राजपूत, निखिल सिंह, श्रेयांस जैन, जीत यादव, सारांष यादव, उमेष यादव, सौरभ सिंह, लक्ष्मण यादव, अंशुल केवट, रवि दीवान जिनके द्वारा टूर्नामेंट की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## नर्मदा भोग सेवा समिति ने खिचड़ी बांटी



**नर्मदापुरम।** माघ माह की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर मकर संक्रांति पर्व पर माँ नर्मदा भोग सेवा समिति ने सेठानी घाट स्थित श्री राम जानकी मन्दिर पर नर्मदा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में खिचड़ी प्रसादी भोग वितरित किया. मंदिर के संचालक पं. लवलेश शर्मा ने बताया कि सूर्य के मकर राशि में गोचर करने को मकर संक्रांति कहते है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। इसी प्रकार अन्न दान, तिल और खिचड़ी के दान का विशेष महत्व है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थ दंड से किया दंडित

**सिवनी मालवा।** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने हत्या के एक मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए अर्थ दंड और आजीवन कारावास से दंडित किया। सिवनी मालवा के विकास खंड के ग्राम सांटई मे सरवन उर्फ़ मोंटू धुर्वे ने ग्राम की ही रहने वाली प्रेमलता इरपाचे की कुल्हाड़ी से वार करके हत्या कर दी थी। प्रकरण की सुनवाई करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश् श्रीमती तबस्सुम खान ने आरोपी सरवन उर्फ़ मोंटू धुर्वे को हत्या का दोषी मानते हुए पांच हजार रुपये के अर्थदंड और आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। ग्राम सांटई मे 24 जुलाई 2023 को सुबह 9 बजे आरोपी सरवन उर्फ़ मोंटू धुर्वे ने ग्राम की रहने वाली प्रेमलता इरपाचे जो ग्राम झिरनापुर मे आंगनवाड़ी मे काम करती थी। उसकी बकरी को उठा कर पटक दिया था। मना करने पर आरोपी सरवन उर्फ़ मोंटू धुर्वे ने गालिया देकर शाम तक जान से खत्म करने की धमकी दी। इसके बाद प्रेमलता आंगनवाड़ी चली गयी। घर वापस सांटई आकर 5 बजे जब प्रेमलता इरपाचे अपनी भाभी के साथ किराना दुकान से सामान लेकर अपने घर जा रही थी। तब आरोपी के घर के सामने से निकलते समय उसे देखकर आरोपी अपने घर से कुल्हाड़ी लेकर आ गया और प्रेमलता की गर्दन और पीठ पर घातक वार कर दिये। जिससे प्रेमलता की खून अधिक निकलने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। उसकी भाभी उषाबाई पति समरत इरपाचे ने जब चीख पुकार लगायी तो उषाबाई का पति समरत इरपाचे और उसका जेठ अशोक इरपाचे घटना स्थल पर आ गये। जिन्हे देखकर आरोपी भाग गया। घटना की सूचना पुलिस को दिये जाने पर तत्कालीन थानापभारी गौरव सिंह बुंदेला तुरन्त अपने बल के साथ मोके पर पहुंच कर पंचनामा बनाकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### ब्रह्म मुहूर्त से शुरू हुआ स्नान का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा

# मकर संक्रांति पर हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई आस्था की डुबकी

■ **पुलिस प्रशासन ने किए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर हजारों की संख्या में स्थानीय व दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं ने नर्मदा के विभिन्न घाटों पर स्नान कर पुण्य अर्जित किया. ब्रह्म मुहूर्त से ही नगर में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का नर्मदा में स्नान करने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर शाम तक जारी रहा.

पर्व की पूर्व संध्या से ही लोगों का नगर में आगमन होने लगा था. देर रात तक यह आगमन जारी रहा.

### कड़कड़ाती ठंड भी उत्साह कम न कर सकी

श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए नगर पालिका द्वारा नगर के चौक चौराहा सहित नर्मदा के विभिन्न घाटों पर अलाव जलाए रखने की व्यवस्था की गई.बच्चे बूढ़े महिला जवान सभी लोगों में नर्मदा स्नान करने उत्साह दिखाई दिया. स्नान करने वालों की सर्वाधिक भीड़ नगर के प्रसिद्ध सेठानी घाट पर दिखाई दी. इस घाट पर प्रात 4 बजे से ही स्नान करने वालों का आगमन शुरू होने लगा था. इसके अलावा नगर के मंगलवारा घाट कोरी घाट परमहंस घाट विवेकानंद घाट कोठी बाजार घाट आदि पर भी स्नान करने वालों की भीड़ देखी गई. घाटों पर पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों की तैनाती रही. जो घाटों पर स्नान करने वालों को सावधानीपूर्वक स्नान करने की चेतावनी देते रहे.



### पुलिस एवं होमगार्ड के जवान रहे तैनात

घाटों पर स्नान करने वालों को सावधानी पूर्वक स्नान करने की चेतावनी निरंतर जारी रही. सेठानी घाट पर मौजूद आपदा प्रबंधन व्यवस्था से जुड़े होमगार्ड के जवानों द्वारा मोटर बोट के जरिए पानी में गस्त निरंतर लगाई गई.

### खर्रा घाट पर भी स्नान करने वालों की भीड़ रही

नर्मदापुरम एवं सीहोर जिले की सीमा पर बने खर्रा घाट पुल के नीचे भी स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई. स्नान के उपरांत यहां हवन पूजन दान दक्षिणा आदि के कार्यक्रम भी दिखाई दिए. खर्रा घाट के पास पसरी रेत पर श्रद्धालुओं ने धूप स्नान का भी आनंद लिया. यहां नर्मदा पुरम तथा सीहोर जिले के बुधनी के आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालुओं ने पर्व का आनंद लिया. खर्रा घाट से लगा हुआ खोजपुर घाट डोंगरवाड़ा घाट हासलपुर घाट पर भी ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने स्नान किया.

खर्रा घाट के पास सड़क एवं रेल के पुल बने हुए हैं जहां से गुजरने वाले यात्रियों ने यात्रा के दौरान नर्मदा नदी में दक्षिणा भेंट की. गोताखोरों ने दिन भर पानी में गोता लगाकर सिक्के ढूंढने का काम किया. वैसे तो प्रतिदिन यात्रियों द्वारा यहां नर्मदा नदी में सिक्के डाले जाते हैं लेकिन पर्व त्योहारों के दौरान पैसा डालने का सिलसिला अधिक मात्रा में देखा जाता है.

### श्रद्धालुओं ने किया दान-पुण्य

नर्मदा घाटों पर स्नान करने आए श्रद्धालुओं ने स्नान उपरांत दान दक्षिणा देकर पुण्य लाभ अर्जित करने की परंपरा को बनाए रखा. घाट पर बैठे दीन दुखियों को यथाशक्ति दान देकर नर सेवा ही नारायण सेवा है इस बात को चरितार्थ किया. संक्रांति पर्व पर तिल और गुड़ का विशेष महत्व है.

## टपका में लग रहा है 207 साल से मेला बुंदेली गायिका कविता शर्मा का हुआ कार्यक्रम






**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के सिद्ध स्थान पर मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में यज्ञ एवं मेले की शुरुआत हुई जिसमें भागवत कथा का आयोजन भी इसी तारतम्य में किया जा रहा है कुछ जगह यह मेले एक सप्ताह तो कुछ जगह 2 से 3 दिन भरेंगे नगर से लगभग 13 किलोमीटर दूर स्थित सिद्ध स्थान पंडा बाबा में मंगलवार को सुबह से श्रद्धालु भक्तजनों का मेला भरा जिसमें अनेक लोगों ने पहुंचकर मेले का लुफ्त उठाते हुए पंडा बाबा में भगवान के दर्शन किए साथ ही अनेक परिवारों द्वारा दाल बाटी का भी प्रोग्राम हुआ यहां पर इस बार 14 जनवरी से शोभा यात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें कथा आचार्य आनंद कृष्ण शास्त्री रोसरा वाले हैं ज्ञात हो कि इस स्थान पर बारह मास पानी रहता है गर्मी में सहजपुर ग्राम पंचायत के लोगो के लिए यह सिद्ध स्थान जीवनदायिनी है इसी तरह से लगभग 16 किलोमीटर दूर वनांचल मै स्थित टपका धाम जहां पर लगभग 207 वर्ष से मेला भर रहा है इस मेले में काफी संख्या में लोग मेले का लुफ्त उठाने एवं टपका का धाम देखने पहुंचे ज्ञात हो कि बनाचल में यह एक ऐसा धाम है जहां पर 12 मास पानी रहता है लगभग 8 से 10 हजार लोग मंगलवार को यहां पहुंचे साथ ही साथ ही बुंदेली गायिका कविता शर्मा का कार्यक्रम भी यहां आयोजित किया गया कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह, राजा गुबरा गुलाब सिंह सहित अनेक लोग सम्मिलित थे इसी तरह वनांचल में स्थित सैलवाडा के पास स्थित सिद्ध क्षेत्र किशनगढ़ हमेशा श्रद्धालु जनों का मुख्य स्थान होता है यहां पर प्रत्येक मकर संक्रांति को साप्ताहिक मेले का आयोजन होता है साथ ही साप्ताहिक भागवत कथा भी प्रत्येक साल यहां होती है इस स्थान झरने सौंदर्य से परिपूर्ण -पर्यटन स्थल मे काफी चहल-पहल रही। ठंड के बीच सभी ने खूबसूरत प्राकृतिक वादियो का आनंद लिया मंदिरों में जहां मंत्रोचारण के साथ अनेक धर्मावलंबियों ने उपस्थिति दर्ज वहीं मंदिर में भी भक्तों की भीड़ दिनभर नजर आई।

### प्रभारी मंत्री ने नर्मदा जयंती एवं रामजी बाबा मेला की बैठक में तैयारी की समीक्षा की

## नर्मदा जयंती पर आयोजित दीपदान में आटे एवं पत्तल के दीपों का उपयोग हो : सिंह

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा जयंती के अवसर पर घाटों पर दीपदान करने की परंपरा रही है। दीपदान में आटे के एवं पत्तल के दियो का उपयोग किया जाए। प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित रहे। उक्त बात जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नर्मदा जयंती एवं रामजी बाबा मेले को लेकर आयोजितसमीक्षा बैठक में कही.

प्रभारी मंत्री ने कहा नर्मदा जयंती के अवसर पर आम श्रद्धालुओं को भी कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े वह आसानी से घाटों पर पहुंच सके, इसके लिए जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की राह आसान बनाएं। उन्हें अनावश्यक रूप से घाटों तक जाने से ना रोके। प्रभारी मंत्री ने कहा की नर्मदा जयंती के अवसर पर विभिन्न घाटों पर काफी भीड़ रहती है तो ऐसे में वॉस टावर के आसपास अनाउंसमेंट की व्यवस्था हो। लोग आकर अपनी परेशानी बता सके। वॉस टावर पर पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती की जाए। ताकि वे लोगों की समस्या धैर्य से सुन सके। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सेठानी घाट पर बनाए जाने वाले जल मंच पर पर्याप्त



सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### 4 फरवरी को मनाया जाएगा नर्मदा जन्मोत्सव..

नर्मदा जयंती का महोत्सव 2 से 3 दिन तक आयोजित किया जाएगा। 3 फरवरी को नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दिन प्रात 9 बजे से मंगलाचरण, मां नर्मदा का पूजन अर्चन, आंदराजलि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही रंगोली चित्रकला की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। लोक गायन होगा , वही 4 फरवरी नर्मदा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री जी का शाम 5 बजे आगमन होगा। कन्या पूजन, अतिथियों द्वारा नर्मदा आरती एवं पूजन का कार्य के कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों का उद्बोधन होगा। उसके पश्चात नगर पालिका द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन देर रात्रि तक किया जाएगा।

4 फरवरी की सुबह शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी। घाट पर कंट्रोल रूम भी बनाया जाएगा।

### 10 फरवरी से आयोजित होगा रामजी बाबा मेला

प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने आगामी 10 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले राम जी बाबा मेले की तैयारी के संबंध में प्रशासन द्वारा की गई तैयारी की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए की राम जी बाबा मेले के दौरान दुकानों का आवंटन समय से पूर्व किया जाए। साथ ही दुकानों के आवंटन का परीक्षण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए, की जिनके नाम पर दुकानों का आवंटन किया गया है दुकान उन्हें मिली कि नहीं।

## एसपीएम अस्पताल के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण




**नइटारसी, दोपहर मेट्रो**

■ **सांगाखेडाकलां एवं कुलामडी के समीप से निकलने वाला सडक का किया भूमिपूजन**

प्रदेश के लोक निर्माण एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने मंगलवार को इटारसी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के भवन का लोकार्पण किया। 1 करोड 15 लाख रूपये की राशि से निर्मित भवन में 10 महिला एवं 10 पुरूष वार्ड बनाए गए है। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने सांगाखेडा कलां एवं कुलामडी के समीप से निकलने वाली दो सडकों का भूमिपूजन किया। मौके पर ही उन्होने आयुष्मान आरोग्य मिशन के तहत हितग्राही हेमलता जोशी, राजेश सोनी, प्रभा मालवीय, मोहनलाल अग्रवाल सहित अन्य हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। प्रभारी मंत्री ने लाडली लक्ष्मी योजना के तहत नन्ही बालिकायों को आशवासन प्रमाण पत्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत दिक्षा मेहरा एवं अन्य हितग्राहियों को 5 हजार की राशि प्रदान की। मंत्री ने धारणा अधिकार पट्टा वितरण के तहत मीना बाई, फूलबती कटारे एवं अन्य हितग्राहियों को पट्टों का वितरण किया। इस अवसर पर एसडीएम प्रतीक राव ने इटारसी क्षेत्र की यूरल पेंटिंग प्रभारी मंत्री को भेंट की। सिंह ने कहा कि नर्मदापुरम जिला धीरे धीरे समृद्धि की ओर बढ रहा है। यहां आयोजित रीजनल इण्डस्ट्रीज कान्क्लेव जिस तरह आयोजित किया गया। वह अदभुत था। इस आयोजन ने जबलपुर जिले को भी पीछे छोड दिया था। जिले में सर्वाधिक एमओयू साईन हुए सबसे ज्यादा कृषि एवं अन्य उद्योग क्षेत्र में निवेशक निवेश करने के लिए सामने आए। मंत्री ने कहा कि सडके ना केवल हमारे आवागमन का मार्ग प्रशस्त्र करती है अपितु यह हमें तेजी से विकास की ओर भी ले जाती है।

**मेट्रो एंकर** भोपाल महापौर ने आयोजक कैप्टन करैया के प्रयासों की सराहना की

# युवा कवियों को प्रोत्साहित करते हुए शाल श्री फल व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम व्दारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर अखिल भारतीय काव्य महोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित किया गया. जिसमें में अतिथि के रूप में मालती राय महापौर नगर निगम भोपाल,विशिष्ट अतिथियों मे सुरेंद्र सौलंकी प्रदेश संगठन मंत्री सेवा भारती,वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती कांति श्रीवास्तव,दिनेश याज्ञनिक उपस्थित थे. प्रदेश के वरिष्ठ मंच संचालक कौशल सक्सेना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की.

देश के विभिन्न अंचलों से आए 35 युवा कवियों ने अपनी कविता, गीत, गजल ,ओज,हास्य,व्यंग्य की रचनाओं से श्रोताओं को भाव विभोर किया।

भोपाल महापौर मालती राय ने मुक्त कंठ से कार्यक्रम कि सराहना करते हुए कहा कि यूनेस्को द्वारा भोपाल को साहित्य नगरी घोषित किए जाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस उपलब्धि से भोपाल शहर का गौरव बढ़ेगा। आने वाले समय में भोपाल विश्व का साहित्यिक और सांस्कृतिक केंद्र बनेगा,साथ ही कवियों और साहित्यकारों को भोपाल में ही साहित्यिक गतिविधियों के लिए




समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा सकें इस दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आयोजक केप्टिन करैया को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सौलंकी ने युवाओं के प्रेरणा श्रोता विवेकानंद जयंती पर शुभकामनाएं देते हुऐ कहा की ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं,वो हम ही हैं जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है।

अध्यक्षता करते हुऐ कौशल सक्सेना ने कहा की कवियों-लेखकों के माध्यम से हमारे देश में जागरूकता में तेजी आई है।उन्होंने ने कहाँ देश मे एक मात्र नर्मदा आव्हान सेवा समिति ही ऐसी संस्था है जो निशुल्क कवि समागम करती है।स्वागत भाषण कैप्टिन करैया ने दिया। नरसिंहपुर से आई मेघा मिश्रा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कवि सम्मेलन का प्रारंभ हुआ। कवि सम्मेलन दो सत्रों मे किया गया। प्रथम सत्र का कुशल संचालन सुनीता पटैल ने द्वितीय सत्र का सफल संचालन सुनील केहरी ने किया।अतिथो की उपस्थिति में नर्मदा आव्हान सेवा समिति के पदाधिकारियों ने युवा कवियों को शाल श्री फल,स्मृति चिन्ह युवा शब्द साधक प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

नागपुर से आयी माधुरी मिश्रा, छिंदवाड़ा के जय सांवरा, भोपाल की सुनीता पटैल, रायसेन के अतुल अलंकार,बैतूल के दीपक यदुवंशी,नर्मदपुरम के नवीन हरियाले,भोपाल की वंदना पटैल,मौसम कुमरावत बैगलोर,डॉ. मनीषा गिरी दिल्ली,अनामिका चौकसे नरसिंहपुर,राशि मिश्रा नागपुर,आदित्य मुकाती खरगोन, हरिओम गुप्ता भोपाल,महेश सुर्दशन मिश्रा कोतमा, रहेश वर्मा,सावन कुमार हरदा, चौरई,दीपक मेहरा देवनगर,विनीता धाकड़ बरेली, आशीष चौहान ,जितेंद्र सिंह ठाकुर बाड़ी,यशवंत निरिया छिंदवाड़ा रजनी टाटस्कर,सुमन कुशवाहा भोपाल आदि कवियों ने कविता पाठ करके वाह वाही लूटी.कार्यक्रम का संचालन कुमार नितेश नैश एंव आभार प्रदर्शन हंस राय ने किया.

# वन अमले ने एक पिकअप वाहन और 20 हजार की 21 नग सागौन जप्त की





सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में वन विभाग के अम्ल द्वारा वन परिक्षेत्र लटेरी में एक पिकअप वाहन से 21 नग लकड़ी जप्त करने की कार्रवाई की गई है। गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक चार पहिया वाहन चोरी से लकड़ी ले जा रहा है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वन मंडल अधिकारी द्वारा टीम गठित की गई और चारों ओर से दबिश देकर बीट आरी के कक्ष क्रमांक पी 418 से अवैध वनोपज परिवहन करते हुए एक टाटा पिकअप लोडिंग वाहन क्रमांक आरजे 17 जीए 9942 को जप्त किया गया। जिसमें अवैध रूप से सागौन कास्ठ नग 21 घन मीटर 0.575 पाई गई। जिसके विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण को जांच में लिया गया। उक्त कार्रवाई में उत्तर लटेरी और दक्षिण लटेरी का वन अमला मौजूद रहा जप्त की गई 21 नग सागौन लकड़ी की कीमत लगभग 20 हजार रुपये है।

## 15 बसों से विदिशा जाएंगे हितग्राही सीएम के कार्यक्रम होंगे शामिल



**सिरोंज।** आज मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा आ रहे हैं। इनके कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विकासखंड स्तर से हितग्राहियों को विदिशा ले जाने के लिए 15 बसों की व्यवस्था की गई इनको विदिशा ले जाने का काम किया जाएगा। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया 500 से अधिक हितग्राहियों को ले जाने के लिए 15 यात्री बसों को अधिग्रहण किया है इनको को ले जाने के लिए रूट भी बना दिए गए हैं। खाने-पीने के अंजाम भी किए गए हैं अलग-अलग जिम्मेदारी भी बसों के हिसाब से दी गई है।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया मकर संक्रांति पर्व

# शुभ मुहूर्त में लगाई श्रद्धा की डुबकी गुड़-तिल के लड्डू का लगाया भोग

## दर्शन करने देवपुर में लगी कतारें, किया दान पुण्य

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

मकर संक्रांति का त्योहार नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में हर्ष उल्लास से मनाया गया मंदिरों दर्शन करने और तीर्थ स्थल देवपुर धाम में पवित्र कुंड के जल से स्नान अभिषेक पूजन करने के लिए भक्तों का ताता लगा रहा मकर संक्रांति पर कड़ाके की सर्दी होने के बाद भी आस्था डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला प्रातः काल स्नान करके पूजा अर्चन करने का दौर प्रारंभ हो गया था भगवान को गुड़ तिल से बने लड्डू तथा खिचड़ी का भोग अर्पित किया उसके बाद मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया घर-घर में खिचड़ी बनाकर सभी ने खाई त्यौहार के चलते कड़ाके की ठंडक बाद भी स्नान करने के बाद घरों पर पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भगवान को लड्डू और खिचड़ी अर्पित करने करके दान पुण्य भी किया मकर संक्रांति पर इसका विशेष महत्व बताया गया है। श्री छतरी नाका हनुमान मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर श्री नागेश्वर महादेव मंदिर श्री जटाशंकर महादेव मंदिर सहित शहर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही इसी तरह आसमान में पतंग उड़ाने का काम भी किया गया एक दूसरे की पतंग काटने का काम भी दिन भर चला रहा आसमान में पतंगबाजी नजर देखने को मिला।



### मंदिरों से शुरू करें पॉलिथीन प्रतिबंधित अभियान : विधायक शर्मा



हर काम में हानिकारक पॉलिथीन का उपयोग हो रहा है इसकी वजह से प्रदूषण भी फैल रहा है मवेशियों की मौत भी हो रही है सरकार के द्वारा इस पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है फिर भी लोग इसका उपयोग कर रहे हैं। विधायक उमाकांत शर्मा ने कहां हानिकारक पॉलिथीन का उपयोग होने से प्रदूषण भी बढ़ रहा है गरम सामग्री इनमें लेकर उपयोग करने से कैंसर की बीमारी भी हो रही है,मवेशी भी खा लेते हैं तो उनकी कई बार मौत भी हो जाती है नालियों में सालों पॉलिथीन पड़ी रहती है। इसके कारण वह चौक हो जाती है। विधायक शर्मा ने अपील करते हुए कहा हानिकारक पॉलिथीन के उपयोग रोकने के लिए हमें मंदिरों से जागरूकता अभियान प्रारंभ करना होगा पॉलिथीन में प्रसाद लेकर आने वालों को इसमें प्रसाद ना लाने के लिए प्रेरित करें, नुकसान करने वाली पतलों दोनों का उपयोग भी बंद हो जो सभी के लिए हानिकारक इनके विकल्पों का उपयोग करें पॉलिथीन में गर्म सामग्री भरने से कैंसर जैसी बीमारी भी होती मकर संक्रांति पर हानिकारक पॉलिथीन उपयोग न करने का संकल्प ले। जागरूकता के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई करेंगे जो पॉलिथीन शासन प्रतिबंधित की गई है उसका उपयोग पूर्णता बंद करवाएंगे इसके लिए नगरपालिका धरातल पर काम करेगी। इससे पहले ही विधायक ने नगर पालिका को हानिकारक पॉलिथीन का उपयोग पर रोक लगाने के लिए दिशा निर्देश दिए थे। लेकिन नगर पालिका के द्वारा धरातल पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया इस वजह से इसका उपयोग आज भी हो रहा है। इस बार कितना काम धरातल पर होगा यहां तो आने वाले समय में ही पता चलेगा।

### देवपुर में दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

मकर संक्रांति पर डुबकी लगाने का विशेष महत्व है जिसके चलते नगर से 12 किलोमीटर दूरी पर स्थित बाबा विश्वनाथ स्वामी के धाम देवपुर में एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला प्रारंभ हो गया था यहां चारों तरफ श्रद्धालु ही श्रद्धालु नजर आ रहे थे। भारी भीड़ को देखते ही मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन के द्वारा भक्तों को अलग-अलग लाइनों में दर्शन करवाए जा रहे थे दूसरे रास्ते बाहर बाहर निकाला जा रहा था। सर्दी होने के बाद भी भक्तों में भारी उत्साह था पवित्र कुंड के जल से स्नान करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी ही थी स्नान के बाद बाबा विश्वनाथ स्वामी का जल अभिषेक पूजन करने के लिए घंटों लाइन में लगने के बाद ही इनका नंबर आ रहा था। यहां पर मेले का आयोजन भी किया गया था जहां पर सभी तरह की दुकानें लगी हुई थी खरीदारी करने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी इसी तरह ग्रामीण अंचलों में मकर संक्रांति द्वारा उसका पूर्वक मनाया गय । सुबह आस्था की डुबकी लड़ाई फिर खिचड़ी तथा लड्डुओं की प्रसादी ग्रहण की ।

**गंजबासौदा**

### मकर संक्रांति पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बेतवा में लगाई डुबकी

**गंजबासौदा।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सिरोंज रोड स्थित बेतवा रिपटा घाट पर सैकड़ो लोगों ने डुबकी लगाई। मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए श्रद्धालुओं ने बेतवा मैया में स्नान कर डुबकी लगाकर पूजन पाठ किया। तेज कोहरे और ठंड के बावजूद भी लोगों की आस्था ठंड पर भारी रही। इतनी तेज ठंड और कोहरा होने के बाद भी लोगों की आस्था कम नहीं हुई। बेतवा घाट पर परिवार के साथ स्नान कर धर्म लाभ लिया। बेतवा मैया का पूजन कर लड्डुओं का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण भी किया । भीड़ की देखते हुए देहात थाने से पर्याप्त पुलिस बल भी घाटों पर मौजूद रहा । जिससे नदी पर कोई घटना घटित न हो।

### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य ने वाल्मीकि समुदाय से संवाद कर समस्याएं सुनी

# अंतिम पंक्ति के नागरिकों की समस्याएं सुनना मेरा नैतिक कर्तव्य : कानूनगो

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने आज विदिशा नगर के प्रवास दौरान कागदीपुरा में वाल्मीकी समुदाय के साथ संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनकर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया तथा उन्हें मानव अधिकारों के प्रति सजग जागरूकता के संदेशो का सम्प्रेषण किया है।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने मीडिया से संवाद के दौरान कहा कि जो लोग समाज की अंतिम पंक्ति में हैं उनके बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना उनका नैतिक कर्तव्य है। पूरे देश के वाल्मीकि समाज के नागरिकों से संवाद करने की शुरुआत आज विदिशा नगर से हुई है। जो लोग सीवेज की सफाई का कार्य करते हैं उनकी सेफ्टी के लिए सेफ्टी किट, मास्क, हेलमेट बूट्स, ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया कराए जाने विषय पर चर्चा हुई है इस संबंध में नगर पालिका विदिशा के द्वारा आश्वासन भी दिया गया है।



उन्होंने कहा कि वाल्मिकी समाज के नागरिक हमारी सुरक्षा की पहली पंक्ति के लोग हैं जो हमारी सुरक्षा के लिए सदैव आगे रहते हैं। कितना भी विपत्ति का समय हो वह हमेशा आगे ही खड़े रहते हैं। कोविड-19 के समय में भी उन्होंने मानव जीवन को बचाने के लिए सराहनीय कार्य किया है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य श्री प्रियंक कानूनगो ने इसके अतिरिक्त श्रमिकों को मिल रहे वेतन के संबंध में भी श्रमिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और उन्हें आश्वासन दिया कि नियम अनुसार जो भी होगा उसके लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सफाई कार्य के लिए नगर पालिका द्वारा प्रति वर्ष 10 लाख रुपए के झाड़ू के लिए खर्च किए जाते हैं यदि इसी वर्ग की महिलाएं झाड़ू बनाएं और इसके लिए महिला स्व सहायता समूह का गठन कर जो खर्च नगर पालिका झाड़ू पर करती है उस खर्च की राशि महिला स्व सहायता समूह को मिले जिससे इस क्षेत्र में एक नया नवाचार होगा जिससे और महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनेंगी।

## चोरी हुई 25000 रुपए की ट्यूबबैल की मोटर आरोपियों से बरामद



**सिरोंज।** फरियादी राजेन्द्र सिंह पिता ज्ञानसिंह रघुवँशी निवासी ग्राम चितोरा ने थाने में रिपोर्ट जर्द कराई थी कि मेरी टयूबबैल की चोरी हो गई है। एसपी रोहित काशवानी एंव एएसपी प्रशांत चौबे के निर्देशन एवं एसडीओपी कुरवाई मनीष राज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पथरिया के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश हेतु टीम गठित की गई। थाना प्रभारी पथरिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा खोज के दौरान आरोपीगण कमलेश पिता ओमकार कुशवाह निवासी मंजूरखेडी एवं सोहेल खां पिता कमाल अख्तर पठान निवासी पथरिया के कब्जे से चोरी गई एक ट्यूबबैल मोटर जल शक्ति कंपनी एवं अन्य समान कीमती 25000/- रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी कमलेश पिता ओमकार कुशवाह उम्र 29 साल नि. मंजूरखेडी थाना पथरिया, तथा सोहेल खां पिता कमाल अख्तर पठान उम्र 35 साल नि. पथरिया थाना हैं।

### तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास शाम 7 बजे हुआ हादसा

# पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार सरपंच पुत्र की दर्दनाक मौत

तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

सोमवार की शाम 7 बजे तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबलपुर पाटन मार्ग पर तेन्दूखेड़ा मुख्यालय से एक किमी दूर पेट्रोल के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी इस हादसे में बाइक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया गया जहां मंगलवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार नरेश पिता गोपाल गौड़ उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पाठौदा थाना तेंदूखेड़ा है जो कि सोमवार की शाम घर से किराना सामग्री लेने के लिए तेंदूखेड़ा आया था जहां से वापस लौटे समय पेट्रोल के सामने हादसे का शिकार हो गया और उसकी मौत हो गई

वहीं मृतक की पहचान ब्लॉक की ग्राम पंचायत पाठादौ के सरपंच के पुत्र के रूप में हुई है पुलिस द्वारा मंगलवार की सुबह पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया पुलिस द्वारा वाहन को जब्त करते हुए चालक का की खोज शुरू कर दी है।





### मजदूरों से लोड पिकअप वाहन ने मारी टक्कर, रफ्तार बनी वजह

वहीं इस हादसे में दिखने की रूह कंप उठी क्योंकि हादसा इतना भीषण था कि जिसने भी इस हादसे को देखा वह सहम गया जहां बाइक सवार का सिर छतिग्रस्त हो गया घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बताया गया है पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 3386 जो पाटन तरफ से मजदूरों भरकर तेंदूखेड़ा तरफ आ रहा था जैसे ही बाइक सवार पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलाकर मार्ग पर पहुंचा वैसे ही वाहन ने टक्कर मार दी वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी बाइक सवार दूर जा पहुंचा और मौक पर ही मौत हो गई घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि पिकअप वाहन में मटर तोड़ने वाले मजदूर लोड थे जो मटर तोड़कर पाटन क्षेत्र से वापस तेंदूखेड़ा आ रहे थे वहीं बताया गया है कि वाहन की रफ्तार अधिक तेज थी जहां चालक अपने वाहन पर कंट्रोल नहीं कर पाया और हादसा हो गया हादसे के बाद वाहन चालक वाहन को पंप के समीप छोड़कर भाग निकला वहीं वाहन में लोड मजदूर भी अनाफान में वाहन से उतरकर भाग गए पुलिस द्वारा वाहन को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है

**मेट्रो एंकर** कार्यक्रम में जैन विधायको की अनुपस्थिति को लेकर हुआ भारी विरोध

# सम्मेलन में जैन विधायको के नही पहुंचे पर आईजा में भारी आक्रोश

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशियन का तीसरा राष्ट्रीय अधिवेशन निजी रिसोंट मांडू में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता आईजा के राष्ट्रीय हार्दिक हुंडिया व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना द्वारा की गई। इस मौके पर कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्रीय विधायक कालू सिंह ठाकुर उपस्थित रहें। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यो जैसे कि कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान सहित मध्यप्रदेश के 17 जिलो से आए प्रतिनिधियो ने कार्यक्रम में शिरकत की।

### कार्यक्रम में विधायको का शामिल न होना दुर्भाग्यपूर्ण

आईजा के प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन सैनानी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारो के इस महाकुम्भ में कडकडाती सर्दी में देश के कोने कोने व प्रदेश के प्रत्येक जिलों से जैन पत्रकार गण कार्यक्रम में शामिल हुए। लेकिन बडा दुर्भाग्य का विषय यह कि मध्यप्रदेश शासन के मंत्री मण्डल में एक मंत्री व सात विधायक जैन है। तो वही जैन पत्रकारो के इस महाकुम्भ में सभी जैन विधायको को कार्यक्रम में आमत्रिंत किया गया था। लेकिन आठो जैन विधायको में से एक भी विधायक कार्यक्रम में शामिल नही हुआ और न ही उन्होने यह भी उचित नही समझा कि कम से कम कार्यक्रम में अपनी शुभेच्छाए प्रेसित कर दें। इसको लेकर पत्रकारो के महाकुम्भ में शामिल रहें पत्रकारो में काफी आक्रोश देखा गया। वही श्री सैनानी ने कहा कि जिस जैन समाज के कारण इन सात विधायाको को विधानसभा का टिकिट मिला और चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुचें,उसमें जैन समाज की अहम भूमिका रही थी।



इसके बाद भी जैन समाज के कार्यक्रमो में विधायको का नही पहुचना बडी ही दुर्भाग्य पूर्ण है। वही उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि याद रहे कि आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से जैन समाज के नागरिको से ही पाला पडेंगा। कार्यक्रम में जैन विधायाको का शामिल न होने का मामला जैसे ही श्री सैनानी ने मंच पर उठाया तो वहा मौजूद पत्रकारो ने श्री सैनानी का उत्साह वर्धन करते हुए तालियो के साथ इस बात को अपना समर्थन दिया।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन का किया प्रतिनिधित्व

तो वही कार्यक्रम में आईजा के राष्ट्रीय सलाहकार एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को कार्यक्रम में शामिल होना था। लेकिन किसी व्यक्तिगत कारण के कारण वह उक्त कार्यक्रम में शामिल न हो सकें। तो वही उनकी अनुपस्थिति पर श्री जैन सैनानी ने श्री आदित्य का शुभकामनाओं का संदेश कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों को दिया। वही श्री सैनानी ने कहा कि इस महाकुम्भ में एक भी जैन विधायक ने शिरकत नही की। पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने अपने कार्यकाल में जैन समाज का या फिर अल्पसंख्यक का मामला हो या फिर जैन तीर्थ क्षेत्रो की सुरक्षा का मामला हो ऐसा अनेको मामलो को लेकर श्री आदित्य ने अपने समय के कार्यकाल मंत्री परिषद की कैबिनेट बैठको में जैन समाज के अनेको मुद्दो को लेकर लडाई लडी। श्री सैनानी का कहना का मतलब यह था कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य से जैन विधायक कुछ सीखे और समाज के हित में किए जा रहें कार्यो में अपनी सहभागिता प्रदान कर समाजजनो का उत्साह वर्धन करें।

आईजा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सैनानी द्वारा आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया व प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना का कार्यक्रम के दौरान मंच पर भव्य सम्मान किया गया। इस मौके पर श्री सैनानी ने आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष का प्रतिचिन्ह व गधा भेंट कर सम्मान किया। साथ ही आईजा के जैन समाज के पत्रकारो की लडाई लडने के लिए भगवान महावीर प्रार्थना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आइजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा मांडू अद्भुत है। मांडू का नाम जैन ग्रंथों में भी है। यहाँ आकर मन प्रफुल्लित हो जाता है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना ने मंच से कहा कि आइजा परिवार में 500 सदस्यों की सहभागिता हो गई है। जल्द ही हम मध्यप्रदेश में 600 जैन पत्रकारों की टीम बनाएंगे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक कालू सिंह ठाकुर ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि ऐसे आयोजन में आना हुआ। आपके द्वारा दिया गया मान सम्मान मुझे सदैव याद रहेगा। तो वही दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि शिक्षाविद अचल चौधरी इंदौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक कमलेश जैन दायजी और समकित तलेरा, अंकित जैन थांदला ने आयोजन को सफल बनाते हुए जैन समाज के लिए आवाज उठाई।

### 5वीं सीड ली शिफेंग पहला मैच हारकर बाहर; किरण जॉर्ज ने उलटफेर किया

# इंडिया ओपन बैडमिंटन- सिंधु और सात्विक और चिराग दूसरे राउंड में

**मलेशिया, एजेंसी**

इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले राउंड में भारत की पीवी सिंधु को जीत मिली है। उन्होंने चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को सीधे गेम में हराया। दूसरी ओर लेट एंट्री लेने वालीं भारत की ही किरण जॉर्ज ने जापान की युशी तनाका को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया है। दिल्ली के केडी जाधव इनडोर स्टेडियम में टूर्नामेंट को ही शुरू हुआ। मेंस डबल्स में सात्विक-चिराग की जोड़ी ने भी राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली। उन्होंने मलेशिया के मैन टी की जोड़ी को 23-21, 19-21, 21-16 से हराया।

शादी के बाद पहले टूर्नामेंट में उतरीं सिंधु सिंधु ने पिछले साल दिसंबर में ही शादी की थी। शादी के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रहीं सिंधु को पहला मैच जीतने के लिए महज 51 मिनट लगे। सुंग शुओ ने शुरुआती गेम में बढ़त बनाई, लेकिन सिंधु ने कमबैक किया और 21-14, 22-20 से मैच अपने नाम कर लिया। जापानी प्लेयर से भिड़ेंगी सिंधु दूसरे राउंड में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-16 जापान की मनामी सुइज़ू से होगा। सिंधु ने मैच के बाद कहा, लंबे ब्रेक के बाद लय हासिल करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मैं सीधे गेम में मैच जीतकर खुश हूं। दूसरे गेम में मेरी शटल मिडकोर्ट में जा रही थी, लेकिन मुझे हमेशा भरोसा था कि मैं जीत सकती हूं। 3 गेम में जीतीं किरण किरण जॉर्ज ने 3 गेम तक चले मुकाबले को 21-19, 14-21, 27-25 से जीता। मुकाबला 1 घंटे 11 मिनट तक चला। ध्रुव कपिला और तनिषा कृष्टो की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी ने भी अपना पहला मैच जीत लिया।






उन्होंने चीनी ताइपे के चेंग कुआन और ह्सू यिन-हुई को 8-21, 21-19, 21-17 से हराया। त्रिषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की विमेंस डबल्स जोड़ी को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ गया। उन्हें जापान की 5वीं सीड अरिसा इगाराशी और अयाको सकुरामोटो ने 21-23, 19-21 से हराया। 5वीं सीड प्लेयर को हार का सामना करना पड़ा मंगलवार को बड़ा उलटफेर मलेशिया की लियोंग जुन हाओ ने किया। जिन्होंने चीन की 5वीं सीड ली शि फेंग को 18-21, 21-17, 21-17 से हराकर बाहर कर दिया। वहीं विमेंस सिंगल्स में सिंगापुर की 7वीं सीड यो जिया मिन ने वियतनाम की थुई लिन्ह गुयेन को 19-21, 22-20, 21-5 से हराकर अगले राउंड में एंट्री कर ली।

### इंग्लिश गेंदबाज को भारत का वीजा में मिलने में देरी

# इंग्लैंड का टीम का दौरा 22 जनवरी से, कोलकाता में पहला टी-20 मैच




**डोर्टमंड, एजेंसी**

इंग्लैंड के गेंदबाज साकिब महमूद को भारत में होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए अभी तक वीजा नहीं मिल पाया है। इंग्लैंड टीम का भारतीय दौरा 22 जनवरी से शुरू होना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी मूल के साकिब महमूद का पासपोर्ट अभी भारतीय दूतावास में है और इसी वजह से उन्हें वीजा मिलने में देरी हो रही है।

यूएई में टीम के अन्य खिला?ियों के साथ नहीं कर पा रहे हैं प्रैक्टिस पासपोर्ट भारतीय दूतावास में जमा होने की वजह से ईसीबी ने महमूद की यूएई जाने वाली प्लाइट को रद्द कर दिया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि महमूद को पिछले गुरुवार को अबू धाबी के लिए रवाना होना था, लेकिन वीजा न मिलने के कारण वह यात्रा नहीं कर सके। जबकि इंग्लैंड के अन्य तेज गेंदबाज अबू धाबी में जिमी एंडरसन की देखरेख में ट्रेनिंग कर रहे हैं। वहीं, महमूद इंग्लैंड में ठंडे मौसम के कारण आउटडोर अभ्यास भी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी तैयारियों पर असर प? रहा है। 5 टी-20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है इस दौरे पर इंग्लिश टीम को 5 टी-20 और 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। दौरे का पहला टी-20 मुकाबला 22 जनवरी को कोलकाता में खेलना है। इसके बाद चेन्नई, राजकोट, पुणे और मुंबई में टी-20 मुकाबले खेलने हैं। टी-20 सीरीज के बाद फरवरी में तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। साकिब ने इंग्लैंड के लिए 29 मैच खेले हैं साकिब महमूद ने इंग्लैंड के लिए सभी फॉर्मेट में 29 मैच खेले हैं। उन्होंने अब तक दो टेस्ट, 9 वनडे और 18 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

# मैड्रिड ओपन टेनिस: रूसी खिलाड़ी पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचे

### रुब्लेव ने गत चैंपियन अल्कारेज का खिताबी हैट्रिक बनाने का सपना तोड़ा

**मैड्रिड, एजेंसी**

स्पेन के दूसरी वरीय खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज का लगातार तीसरी बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने का सपना टूट गया है। बुधवार रात खेले गए पुरुष एकल के क्वार्टरफाइनल में अल्कारेज को रूस के सातवीं वरीय खिलाड़ी आंद्रेव रुब्लेव ने तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-4, 3-6, 2-6 से शिकस्त दी। 20 वर्षीय अल्कारेज खिताबी हैट्रिक बना लेते तो वह यह कमाल करने वाले पहले खिलाड़ी बन जाते। वहीं, सेमीफाइनल में रुब्लेव का मुकाबला अब अमरीका के 12वीं वरीय खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। मैच सबालेंका ने कुल रिबाकिना से खेले, 5 जीते, 3 हारे



मैड्रिड ओपन में महिला एकल का सेमीफाइनल मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका और कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना के बीच खेला जाएगा। बेलारूस की दूसरी वरीय सबालेंका ने क्वार्टरफाइनल में रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा आंद्रिवा को 6-1, 6-4 से हराया। चौथी वरीय रिबाकिना ने हमवतन यूलिया पुतिन्सेव को 4-6, 7-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरे सेमीफाइनल में टॉप सीड इगा स्विटेक ने अमरीका की मेडिसन कीज को शिकस्त दी।

# किंग्स कप फुटबॉल: सेमीफाइनल में अल खलीज को 3-1 से दी मात, अल नासर फाइनल में

**रियाद, एजेंसी**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की बदौलत अल नासर ने खेले गए मैच में अल खलीज को 3-1 से हराया और किंग्स कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अल नासर का मुकाबला 31 मई को फाइनल में सऊदी प्रो लीग की शीर्ष टीम व सऊदी सुपर कप विजेता अल हिलाल से होगा, जिसने सेमीफाइनल में अल इत्तिहाद को 2-1 से हराया था। अल नासर के लिए रोनाल्डो ने 17वें और 57वें मिनट में गोल दागे।



**34 साल से इंतजार:** अल नासर की टीम को किंग्स कप जीतने का 1990 से इंतजार है। छह बार की पूर्व चैंपियन अल नासर ने आखिरी बार 1990 में किंग्स कप खिताब अपने नाम किया था।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दी जाने वाली फीस से खुश नहीं लारा दत्ता, वेतन पर फूटा गुस्सा




लारा दत्ता इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दिए जाने वाली फीस से कुछ खास खुश नहीं हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में वेतन असमानता को लेकर खुलकर बात की है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार किरदार निभाए हैं। हालांकि, लारा दत्ता इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दिए जाने वाली फीस से कुछ खास खुश नहीं हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में वेतन असमानता को लेकर खुलकर बात की है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि महिलाएं इंडस्ट्री में अपने कई पुरुष कलाकारों की तुलना में कड़ी मेहनत करती हैं फिर भी ज्यादातर महिलाएं भाग्यशाली हैं कि उन्हें पुरुष अभिनेताओं को मिलने वाले वेतन का दसवां हिस्सा मिलता है। लारा दत्ता ने बताया कि वे प्रक्रिया में हैं और बहुत सारी महिलाएं हैं, जो इस धारणा में बदलाव करने की कोशिश कर रही हैं उन्होंने कहा कि पहले, यह सोचा जाता था कि जब आप 30 वर्ष की उम्र तक पहुंचते हैं, तो आपके लिए घर बसाने का समय आ जाता है क्योंकि आपका करियर खत्म हो जाता है। इस बीच, लारा दत्ता नितेश तिवारी की रामायण में कैकेयी की भूमिका को लेकर भी काफी चर्चा में चल रही हैं।

# सीरियल किलर की तलाश में जुटे विजय राज-आशुतोष राणा

बॉलीवुड के दो दिग्गज कलाकार आशुतोष राणा और विजय राज जल्द ही फिजियोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर सीरीज 'मर्डर इन माहिम' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। आज शुक्रवार को जियो सिनेमा ने सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया, जिसे देख दर्शकों का उत्साह बढ़ गया। मर्डर इन माहिम को एक सामाजिक टिप्पणी माना जा रहा है, जो खौफनाक मर्डर मिस्ट्री और मुंबई की गुत्थी को उजागर करती है, जिसमें पीटर के रूप में आशुतोष राणा और जेंडे के किरदार में विजय राज के बीच खोई हुई दोस्ती के मेल-मिलाप को दिखाया गया है। राजनीति- बालाकोट और बियॉन्ड की रिकॉर्ड-तोड़ सफलता के एक हफ्ते के भीतर जियो सिनेमा 10 मई को एक और मूल सीरीज 'मर्डर इन माहिम' लॉन्च करने के लिए तैयार है। लेखक जेरी पिंटो की समीक्षकों द्वारा प्रशंसित पुस्तक से अनुकूलित मनोरंजक सीरीज राज आचार्य द्वारा निर्देशित है और टिपिंग प्वाइंट फिल्म्स और जिग्स पिक्चर्स द्वारा बनाई गई है। इसमें शिवानी रघुवंशी और शिवाजी साटम भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। माहिम स्टेशन पर एक भयानक हत्या की पृष्ठभूमि पर आधारित सीरीज में पीटर को इस भयावह जांच में उलझा हुआ दिखाया गया है। मुश्किलें तब बढ़ जाती हैं, जब उसका अपना बेटा सुनील इस मामले में संदिग्ध बन जाता है। इस सबके बीच पीटर और जेंडे गुप्त इच्छाओं, ब्लैकमेल और अनकहे प्यार की दुनिया में फंस जाते हैं।

# भूमिका को तवज्जो देती हैं यामी गौतम, बोलीं- सिर्फ मशहूर होना मेरा मकसद नहीं



यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म 'आर्टिकल 370' खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही हैं, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं। यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी। यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं। काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है। यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं।



**मेट्रो बाजार**

# चावल-मसालों और डेयरी सहित अन्य उत्पादों की भी होगी जांच

**मुंबई, एजेंसी**

एमडीएच और एवरेस्ट मसालों के मामले सामने आने के बाद खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल, डेयरी उत्पादों व मसालों जैसे अन्य खाद्य पदार्थों की जांच शुरू करने की योजना बनाई है। फल व सब्जियों, मछली उत्पादों में साल्मोनेला जैसे खाद्य पदार्थों की भी निगरानी की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) मसाला, जड़ी-बूटियां, दूध और दूध से बने उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाएगा। सिंगापुर और हांगकांग की गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को देखते हुए एफएसएसएआई पहले से ही एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने ले रहा है। सभी मसालों के नमूने इसलिए लिए जा रहे हैं, ताकि यह जांचा जा सके कि वे एफएसएसएआई मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। पिछले हफ्ते एफएसएसएआई ने कहा था कि वह नेस्ले के सेरेलैक के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया में है। दावा है कि कंपनी उत्पाद में ज्यादा चीनी का उपयोग कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में विश्लेषण किए गए नमूनों की संख्या 2020-21 में 1,07,829 से बढ़कर 2023-24 में 4,51,000 से अधिक हो गई है। इस आधार पर तीन गुना ज्यादा नमून लिए गए हैं। 2020-21 में 1,07,829 नमूने लिए गए। 2021-22 में 1,44,345 नमूनों का विश्लेषण किया गया। 2022-23 में 1,77,511 नमूनों का विश्लेषण किया गया।



# एसबीआई लाइफ का 38,238 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान 38,238 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान यह 29,589 करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष की तुलना में सिंगल प्रीमियम में 44त्न की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 4,165 करोड़ रुपये रहा, जो 15त्न की वृद्धि दर्शाता है। सुरक्षा व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए 951 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलना में 14 फीसदी वृद्धि के साथ 23,832 करोड़ रुपये रहा। 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए एसबीआई लाइफ का कर पश्चात लाभ 1,894 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 31 मार्च, 2024 तक 1.96 पर मजबूत बना हुआ है, जबकि नियामक आवश्यकता 1.50 है। एसबीआई लाइफ का एयूएम भी 31 मार्च, 2023 को 3,07,339 करोड़ की तुलना में 27 फीसदी बढ़कर 31 मार्च, 2024 को 3,88,923 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें 64:36 का ऋ्रष्ठा-इक्विटी मिश्रण है। 95 फीसदी से अधिक ऋ्रष्ठा निवेश एएए और सॉवरेन इंस्ट्रूमेंट्स में हैं। कंपनी के पास 3,16,038 प्रशिक्षित बीमा पेशेवरों का एक व्यापक वितरण नेटवर्क है और देश भर में 1,040 कार्यालयों के साथ इसकी व्यापक उपस्थिति है।

### जहांगीराबाद क्षेत्र का मामला

# रास्ता रोककर अड़ीबाजी करने वाला बदमाश हुआ गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद पुलिस ने अड़ीबाजी करने वाले कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी की दहशत समाप्त करने के लिए इलाके में उसका जुलूस भी निकाला गया. जानकारी के अनुसार फरियादी जैकी साहू ( 35 ) ऐशबाग रोड, पूरी वाला मोहल्ला बरखेड़ी जहांगीराबाद में रहते हैं. सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह मोहल्ले में खड़े थे, तभी बदमाश बाली उर्फ वेदप्रकाश पहुंचा. उसने पांच सौ रुपये की मांग की तो जैकी ने रुपए देने से इंकार कर दिया. इस पर बाली ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अड़ीबाजी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था. मंगलवार को आरोपी बाली उर्फ वेदप्रकाश ( 30 ) निवासी माता मोहल्ला बरखेड़ी जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर लिया.

**युवती को अश्लील मैसेज भेजने वाले पर केस दर्ज:** बिलखिरिया पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ अश्लील मैसेज भेजने का मामला दर्ज किया है. आरोपी के खिलाफ पूर्व में युवती ने दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया था. जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद वह दिल्ली चला गया और वहां से युवती को मैसेज भेजकर परेशान कर रहा था. जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय युवती की दोस्ती दीपक नामक युवक से हुई थी. करीब दो साल पहले दीपक ने उसे शादी करने का झांसा दिया और शारीरिक शोषण करने लगा. बाद में दोनों का रिश्ता टूट गया तो युवती ने पिपलानी थाने जाकर उसके खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज करवा दिया.




## डॉक्टर के घर चोरी करने वाला नाबालिग गिरफ्तार, चोरी का माल खरीदने वाला भी पकड़ाया

**भोपाल।** बागसेवनिया में रहने वाले एक डॉक्टर के सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी करने वाले नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इसके साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले युवक को भी पकड़ा गया है. आरोपी दिन के समय सूने मकानों की रैकी करता था और रात के समय वारदात को अंजाम देना था. गिरफ्तार नाबालिग के खिलाफ पहले से चोरी के मामले दर्ज हैं. जानकारी के अनुसार डॉक्टर श्रीकांत सरल (31) प्रियदर्शनी कालोनी संत आसाराम नगर फेस-1 बागसेवनिया में रहते हैं और एक निजी मेडिकल कालेज में नौकरी करते हैं. बीती नौ जनवरी की शाम करीब पांच बजे वह घर पर ताला लगाकर नाईट ड्यूटी के लिए अस्पताल चले गए थे. अगले दिन वापस लौटे तो मकान के दोनों फ्लोर के ताले टूटे मिले और अंदर सामान बिखरा पड़ा था. चैक करने पर बैग में रखे 40 हजार रुपये नकद, सोने की चैन, चांदी की पायल और बिछिया समेत अन्य सामान गायब था. सीसीटीवी कैमरों से मिला सुराग जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाके में लगे करीब 40 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए. उसके इन फुटेज से पता चला कि वारदात करने वाला इलाके ही एक नाबालिग है, जिसके खिलाफ पहले से चोरी के मामले दर्ज हैं. पुलिस ने जब उसके ठिकाने पर दबिश दी तो वह नहीं मिला. उसके बाद मुखबिरों को सक्रिय किया गया था. मंगलवार को नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

## घर में घुसकर स्कूली छात्रा से अश्लील हरकत, आरोपी को किया गिरफ्तार

**भोपाल।** गुनगा इलाके में रहने वाली एक स्कूली छात्रा के साथ घर में घुसकर अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी बारहवीं कक्षा में पढ़ती है. गांव में ही रहने वाला 22 वर्षीय लोकेश नामक युवक सब्जी का ठेला लगाता है. वह काफी दिनों से छात्रा को परेशान कर रहा था. एक-दो बार किशोरी के परिवार वालों ने उसे समझाईश दी थी, ताकि वह लड़की के साथ अभद्रता नहीं करे. सोमवार को किशोरी घर पर अकेली थी, तभी मौका पाकर लोकेश उसके घर के अंदर घुस गया और बुरी नीयत से हाथ पकड़कर अश्लील हरकत करने लगा. पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो लोकेश वहां से भाग निकला. बाद में परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे, जहां उसने लोकेश के खिलाफ घर में घुसने, अश्लील हरकत करने और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करवाया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# ठेकेदार के भाई की भी इलाज के दौरान मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित उमराव कॉलोनी में शनिवार शाम कंस्ट्रक्शन ठेकेदार इरफान अंसारी की चाकू से गोदकर हत्या के बाद सोमवार देर रात ठेकेदार के बड़े भाई रईस अंसारी की भी हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। दोनों भाइयों पर पिता-पुत्र समेत पांच लोगों ने घर में घुसकर हमला किया था। रईस अंसारी की उसी समय अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी जबकि उनका भाई गंभीर रूप से घायल हुआ था। इस दोहरे हत्याकांड को आरोपी के बिजली के तार पर लकड़ी की बल्ली गिरने की वजह से अंजाम दिया गया। पुलिस अब तक आरोपी पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मंगलवार को पुलिस ने हत्याकांड के चौथे आरोपी को भी हिरासत में ले लिया है। पुलिस अब तक इस मामले में आरोपी भैया काले, अरशू व ताहिर कम्मू को गिरफ्तार कर चुकी है। मंगलवार को पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में शामिल चौथे आरोपी सोहेल को भी हिरासत में ले लिया है। बल्ली गिरने से टूटा था बिजली का तार पुलिस



**पिता-पुत्र ने साथियों के साथ किया था धारदार हथियारों से हमला**

के अनुसार उमराव कॉलोनी करोंद में रहने वाले 32 साल के इरफान अंसारी कंस्ट्रक्शन ठेकेदार थे। इन दिनों उनके भाई रईस अंसारी ( 40 ) के मकान की कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है। इरफान मकान की छत डालने से लेकर अन्य काम करवा रहे थे। विगत 11 जनवरी को सेंट्रिंग प्लेट की एक बल्ली बाहर की ओर पड़ोसी भैया उर्फ काले के बिजली के तार पर गिर गई थी। तार टूटने को लेकर भैया काले और उसके बेटे अरशू ने जमकर हंगामा किया।

## हमले में घायल दूसरे भाई ने भी तोड़ा दम

**भोपाल** । निशातपुरा इलाके में पिछले दिनों मामूली बात को लेकर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी. इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बड़े भाई पर भी हमला किया गया था. गंभीर रूप से घायल बड़ा का अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां मंगलवार को उसने भी दम तोड़ दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है. इधर पुलिस ने हमला करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एक फरार आरोपी की तलाश की जा रही है. जानकारी के अनुसार उमराव कालोनी में रहने वाला इरफान अंसारी (32) के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है. मकान में सेटरिंग प्लेटों के सपोर्ट के लिए बल्लियां लगाई गई थी. बीते शनिवार की दोपहर एक बल्ली गिर गई ।

# पीएचडी कर रही युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म



**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने 34 साल की युवती की शिकायत पर योगा में पीएचडी कर रहे शख्स के खिलाफ बलात्कार व दैहिक शोषण की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पीड़ित युवती भी योगा में पीएचडी कर रही है। शादी का झांसा देकर आरोपी सितंबर 2022 से दुष्कर्म करता आ रहा है। पिछले दिनों पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से साफ मुकर गया। पीड़िता ने ऐशबाग थाने जाकर कथित प्रेमी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। उसकी तलनाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बाग सेवनियां इलाके में रहने वाले 34 साल की युवती अनूपपुर जिले के एक शहर से योगा में पीएचडी कर रही है। साल 2022 में युवती की मुलाकात श्रीराम कॉलोनी मिसरोद में रहने वाले सुर्जन सिंह यदुवंशी से हुई थी। सुर्जन सिंह भी एम्स से योगा में पीएचडी कर रहा है। एक ही विषय में पीएचडी करने की वजह से दोनों के बीच अच्छी मित्रता हो गई और फिर जल्द ही प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। सितंबर 2022 में आरोपी सुर्जन सिंह घुमाने के बहाने युवती को ऐशबाग के अभिरुचि परिसर में रहने वाले अपने दोस्त के घर ले गया और वहां जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किए। विरोध करने पर आरोपी ने जल्द शादी करने का प्रलोभन दिया। इसके बाद आरोपी ने कई बार अलग-अलग जगहों पर युवती से संबंध स्थापित किए। अंतिम बार आरोपी ने जून 2024 में युवती के साथ संबंध बनाए थे। उसके बाद आरोपी ने युवती से दूरी बनाना शुरू कर दी। वह मोबाइल पर भी बात नहीं करता था। करीब सात माह युवती अपने प्रेमी को शादी के लिए मनाती रही लेकिन जब उसने साफ इनकार कर दिया तो पीड़िता ने ऐशबाग थाने जाकर इंसाफ की गुहार लगाई।

# तीन साल से फरार जालसाज भूमाफिया दिल्ली से गिरफ्तार, 5 दिन के रिमांड पर उगलेगा राज

**जमीन की मालकिन के फर्जी हस्ताक्षर की थी जालसाजी, सवा पांच करोड़ का लगाया चूना**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बिलखिरिया पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे जालसाज भूमाफिया को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी के साथी को पुलिस करीब एक साल पहले गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपी को पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

पुलिस के मुताबिक सिविल लाइन टीकमगढ़ निवासी मांडवी साहू ने ग्राम कोकता स्थित अपनी जमीन का मुख्तारनामा रामदास साहू के बताए अनुसार सर्विस प्रोवाइडर राजेश द्विवेदी को करवा कर दिया था। रामदास साहू व अनुज साहू ने मुख्तारनामा की शर्तों का उल्लंघन करते हुए मांडवी साहू के फर्जी हस्ताक्षर कर 24 लोगों के पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कर दिए। रामदास साहू ने मुख्तरनामा के बाद से अभी तक 5 करोड़ 25 लाख फरियादिया को नहीं दिए। न ही उसका कोई हिसाब-किताब दिया। वर्तमान में भी बिना नामाकंन कराए उसकी भूमि छोटे-छोटे प्लाट काटकर बेच दी। जांच के बाद पुलिस ने अमानत में खयानत व धोखाधड़ी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही आरोपी राम दास साहू उर्फ आरडी साहू निवासी अयोध्या नगर व अनुज साहू निवासी पीरगेट फरार चल रहे थे। पुलिस ने 19 अप्रैल 2024 को आरोपी अनुज साहू को गिरफ्तार कर लिया था जबकि मुख्य आरोपी रामदास साहू फरार चल रहा था।



## आधा दर्जन शराब तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**भोपाल।** मादक पदार्थ और अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. पिछले चौबीस घंटों के भीतर पुलिस ने आधा दर्जन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से हजारों रुपये कीमत की शराब जब्त की है. जानकारी के अनुसार खजूरी सड़क पुलिस ने ग्यारह मील चौराहे के पास तिलक तड़का, गौतम नगर पुलिस ने नगर निगम कालोनी के पास रजनी सौदा और आकाश सौदा को अवैध शराब के साथ पकड़ा. इधर देहात जिले में बैरसिया पुलिस ने भौंरासा रोड के पास कमल मोंगिया, सूखी सेवनिया पुलिस ने कल्याणपुर जोड़ के पास मोनू पंथी और परवलिया पुलिस ने ग्राम तारा सेवनिया के पास राजेंद्र कंजर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया. सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिए गए हैं।

# कपड़े उठाने छत पर पहुंची किशोरी को लगी गोली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया इलाके में रहने वाली एक किशोरी के सीने में गोली लग गई. घटना के समय वह अपने मकान की छत पर कपड़े उठाने पहुंची थी. उसी समय पड़ोसी के घर की तरफ से गोली की आवाज आई थी. किशोरी कुछ समझ पाती, उसके पहले सीने से खून निकलने लगा तो उसने शोर मचाया. बंदूक से निकला छर्रा किशोरी की पीठ की तरफ से बाहर निकल गया था. उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है. थाना प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि इलाके में रहने वाली



नाबालिग पढ़ाई करती है, जबकि उसके पिता व्यवसायी हैं. सोमवार की शाम करीब छह बजे किशोरी अपने मकान की छत पर सूख रहे कपड़े उठाने पहुंची थी. इसी दौरान पास के मकान की तरफ से गोली चलने की आवाज आई. किशोरी कुछ समझ पाती, उसके पहले उसके पैर लडखड़ाने लगे और वह बैठ गई. इसी बीच देखा तो सीने से खून निकलने लगा. किशोरी के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो पता चला कि सीने में लगा गोली का छर्रा पीठ के तरफ से बाहर निकल गया. घायल किशोरी को तत्काल ही इलाज के लिए भोपाल के चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उसे आब्जर्वेशन में रखा हुआ है. फिलहाल किशोरी की हालत खतरे से बाहर बताई गई है. एयरगन से गोली चलने का अनुमान टीआई शर्मा ने बताया कि गोली किस बंदूक से चली थी, इसका फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है. हालांकि अनुमान है कि यह गोली एयरगन से चलाई गई होगी. घायल किशोरी ने जिस पड़ोसी की जानकारी पुलिस को दी है, उससे पूछताछ कर यह पता लगाया जाएगा कि उसके पास कौन सी बंदूक है।

## रंजिश के चलते महिला पर फेंका जलता हुआ चूल्हा, 3 महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केसं

**भोपाल।** राजधानी के तलैया इलाके में रहने वाली एक महिला पर मोहल्ले में रहने वाली महिलाओं ने जलता हुआ चूल्हा फेंक दिया. इससे पीड़ित महिला झुलस गई. पुलिस ने आरोपी 3 महिलाओं के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. दोनों के बीच पुरानी रंजिश बताई गई है. जानकारी के अनुसार तिलक मार्केट इतवारा में रहने वाली निशा गौहर पत्नी मनीष गौहर (20) गृहणी है. सोमवार की शाम करीब साढ़े चार बजे वह अपने घर के बाहर बैठी हुई थी. उसी जगह उसका चूल्हा भी रखा हुआ था. मोहल्ले में रहने वाली अनीता अपनी बेटी काजल और बहू तानिया के साथ निशा के पास पहुंची और पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करने लगी. निशा ने जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने पास ही रखा चूल्हा उठाकर उस पर फेंक दिया. चूल्हे में आग भरी थी, जिसके चलते निशा का शरीर कई स्थानों पर झुलस गया. पुलिस ने तीनों महिलाओं के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. बताया जाता है कि दोनों परिवारों के बीच पहले से रंजिश चल रही है।

**मेट्रो एंकर** बरामद हुआ साढ़े पांच लाख का माल

# चोर गिरोह के फरार साथियों की तलाश में जुटी टीम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा आउटर पर यात्रियों का सामान चोरी करने वाले गिरोह के फरार साथियों की तलाश में जीआरपी की अलग-अलग टीमें लगाई गी हैं. गिरोह के पकड़े गए एक साथी के कब्जे से पुलिस ने करीब साढ़े पांच लाख रुपये का माल जब्त किया है. फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद लाखों का माल बरामद होने की उम्मीद है. जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी आकांक्षा पिछले दिनों सोमनाथ एक्सप्रेस से गुजरात से भोपाल की यात्रा कर रही थी. भोपाल स्टेशन आने से पहले उन्होंने अपने ट्राली बैग सीट से उठाकर गेट पर आकर रख लिए. आरिफ नगर के पास आउटर पर ट्रेन की रफ्तार



काफी धीमी थी. इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने गेट पर रखे उनके दोनों ट्राली बैग चोरी कर लिए और भाग निकला. जीआरपी ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था. चोरी गए बैग में जेवरात समेत करीब एक लाख रुपये सामान रखा हुआ था. एक साथी चढ़ा पुलिस के हत्थे पुलिस कर्मचारियों ने निशातपुरा आउटर पर गोपनीय तरीके से नजर रखनी शुरू की. इसी बीच सूचना मिली कि शारदा नगर नारियलखेड़ा में रहने वाला आसिफ अली ( 29 ) अक्सर रात के समय आरिफ नगर ब्रिज के आसपास आता-जाता रहता है।

## सफर के दौरान यात्रियों के कीमती मोबाइल चोरी, युवक की जेब से निकाला पर्स

**भोपाल।** राजधानी भोपाल से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों में सामान चोरी होने का सिलसिला जारी है. सफर के दौरान बदमाशों ने तीन यात्रियों के कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिए. इसी प्रकार सीट पर सो रहे एक यात्री की जेब से पर्स चोरी कर लिया. जीआरपी ने सभी मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. जानकारी के अनुसार माधव नगर उज्जैन निवासी कौशल मेहर बरोनी साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन से उज्जैन से बरेली की यात्रा कर रहे थे. उनका रिजर्वेशन स्लीपर कोच में था. उन्होंने अपना मोबाइल फोन सीट पर रखा था. संत हिरादराम नगर स्टेशन आने से करीब पांच मिनट पहले देखा तो सीट पर रखा मोबाइल फोन चोरी हो चुका था. चोरी गए मोबाइल की कीमत 20 हजार रुपए बताई गई है. इसी प्रकार रायगढ़ छत्तीसगढ़ निवासी दलेशवर पटेल नर्मदा एक्सप्रेस में सीहोर से बिलासपुर की यात्रा कर रहे थे. जनरल कोच में चढने् के कुछ देर बाद उन्होंने देखा तो लोवर की जेब में रखा सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन गायब था।

# डॉक्टर के सूने घर में नाबालिग ने की थी चोरी, माल बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बाग सेवनियां पुलिस ने आरकेडीएफ कॉलेज के डॉक्टर के सूने घर में चोरी करने वाले नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी के आभूषण खरीदने वाले आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। नाबालिग आरोपी दिन में सूने घरों की रेकी करने के बाद रात के अंधेरे में चोरी की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस के मुताबिक संत आसाराम नगर बाग मुगालिया निवासी डॉक्टर श्रीकांत सरल ( 31 ) आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज में डाक्टर हैं। विगत 9 जनवरी को वह नाइट ड्यूटी पर शाम करीब पांच बजे चले गए थे। अगले दिन 10 जनवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे घर लौटे तो डुप्लेक्स के दोनों फ्लोर के ताले टूटे

**चोरी के आभूषण खरीदने वाले आरोपी को भी दबोचा**

मिले। भीतर सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अलमारियों के दरवाजे व लॉकर भी टूटे हुए थे। अलमारी के बाहर पड़ा बैग चैक करने पर उसमें रखे 40 हजार रुपए नगद व सोने की एक चेन, बिछिया व पायल नहीं मिले। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने करीब 40 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक किए। फुटेज में एक

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022